'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 70 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 25 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 24 मई।** हरियाणा में कल 25 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्व हरियाणा पुलिस के रडार पर रहेंगे। ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह निर्देश हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है, ऐसे में कानून व्यवस्था बाधित करने की अनुमति किसी को नही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार कुछ शरारती तत्व मतदान केन्द्र की फर्जी वीडियो आदि सोशल मीडिया पर वायरल कर देते हैं



जिससे कानून व्यवस्था बाधित होती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हरियाणा पुलिस की टीमें अलग-2 स्तर पर मॉनीटरिंग करते हुए सक्रियता से कार्य करेगी और फर्जी वीडियो डालने वालो पर कड़ी कार्रवाई होगी।

श्री कपूर ने आमजन से भी यह अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले ऐसे वीडियोज को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर ना करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की वीडियो को सोशल मीडिया पर चलते हुए देखता है तो इसकी जानकारी हरियाणा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर-112 अथवा नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर-0172-2570070 पर दें।

उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अंतर्राज्यीय(इंट्रा स्टेट) तथा अंतरराज्यीय(इंटर स्टेट) सीमाओं तथा जिलों में लगाए गए नाकों पर फूलप्रूफ सीलिंग प्लान लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश भर के होटल, सरायों, गेस्ट हाउस, आदि के आस पास के क्षेत्रों में चेकिंग करते हुए वहां ठहरने वाले लोगों पर निगरानी रख रही है। इसी प्रकार, शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के हॉस्टलों आदि को भी मॉनिटर किया जा रहा है।

श्री कपूर ने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र का महापर्व है ऐसे में हमारी सांझी जिम्मेदारी है कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में मतदान करने के लिए जरूर जाएं। लोकतांत्रिक प्रणाली में मताधिकार का विशेष महत्व है इसलिए 25 मई को लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करके देश के भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। लोग निडर होकर अपना वोट डालें और लोकतांत्रिक प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करें।

## मोदी के हाथ मजबूत करना ही जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार : ज्ञानचंद गुप्ता

### कहा– चुनावी ड्यूटी कुशलता से निभाए कार्यकर्ता, इसी में जन्मदिन की सबसे बड़ी खुशी




**समाचार गेट ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने 25 मई को अपने जन्मदिन पर लोगों से भाजपा के लिए वोट का उपहार मांगा है। गुप्ता ने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनके निवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचते हैं, लेकिन इस बार उनका आग्रह है कि वे सभी पोलिंग बूथों पर मुस्तैद होकर भाजपा के पक्ष में वोट करें और करवाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करना ही उनके लिए जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा होगा। प्रेस को जारी एक वक्तव्य में गुप्ता ने कहा कि एक पारिवारिक परंपरा के तहत वे हर साल 25 मई को जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ करते हैं, मंदिर जाते हैं और उसके बाद अपने शुभचिंतकों के बीच रहते हैं। इस बार उनके जन्मदिन का संयोग मतदान के दिन पर बना है। इसलिए पार्टी के पक्ष में मतदान करना और करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा अनुष्ठान होगा। उन्होंने बताया कि वे सुबह 7 बजे पंचकूला के सेक्टर 17 स्थित विजय पब्लिक स्कूल में परिवार सहित मतदान करेंगे। इसके बाद दिनभर अलग-अलग बूथों पर जाकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। शाम 6 से 7 बजे तक वे पंचकूला स्थित अपने आवास पर शुभचिंतकों के साथ जन्मदिन मनाएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, मित्रों और रिश्तेदारों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का उपहार न लाएं। भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार हैं और वे शिद्दत से यही उपहार उन्हें भेंट करें।

## भूखे को अन्न, प्यासे को पानी देने से बड़ा कोई धर्म नहीं : नवीन गोयल

### वाटर कूलर के उद्घाटन अवसर पर कही यह बात

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के संयोजक नवीन गोयल ने स्वर्गीय पूनम देवी जी धर्मपत्नी श्री डालचंद गोयल की स्मृति में खांडसा रोड पर वॉटर कूलर का उद्घाटन किया। इस नेक कार्य के लिए उन्होंने नरेश गोयल, रमेश गोयल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भूखे को अन्न और प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं। इस तपती गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए वाटर कूलर लगवाकर गोयल बंधुओं ने लाभ कमाया है। नवीन गोयल ने कहा कि जो भी व्यक्ति इस तरह के कार्यों को कर सकता है, वह जनहित में वाटर कूलर लगवाए। जगह-जगह पर मटके रखवाए। ऐसा करके हम गर्मी में दूसरों का जीवन को काफी लाभानवित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन की ओर से हर साल गर्मी में पानी की किल्लत होने पर टैंकरों से पानी की फ्री




सप्लाई करवाई जाती है। कैनविन फाउंडेशन का यही उद्देश्य है कि जरूरतमंदों की मदद की जाए। इसके लिए सदा सकारात्मक प्रयास किए जाते हैं। इस अवसर पर सोनू मित्तल, तारा चंद, ऋषि मित्तल, अजय अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, प्रवीण गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, रवि सिंगला, शिवचरण अग्रवाल, त्रिलोक गर्ग, मनोज गोयल उपस्थित रहे। नवीन गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाओं पर चलते हुए अग्र समाज ने सर्व समाज के लिए सदा कार्य किए हैं। कुएं, बावड़ी, जोहड़ बनवाए हैं, जो सदियों तक लोगों के काम आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लिए हमारे से जो कुछ बन पड़े, वह काम करना चाहिए। समाज से हम सब हैं। नवीन गोयल ने कहा कि जीवन में अपने बड़े-बुजुर्गों की याद में जो कुछ भी काम हम कर सकते हैं, वह किया जाना चाहिए। वह समाज हित में हो, इसका ध्यान रखना जाना चाहिए।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए हम अधिक से अधिक करें मतदान: डा. डीपी गोयल

### हमारी मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था ही हमारी शक्ति

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि लोकतंत्र के पर्व मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। जब हम अधिक से अधिक मतदान करेंगे तो अपने लोकतंत्र को मजबूती दे सकेंगे। पांच साल में एक बार आने वाला इस पर्व में हमें भागीदारी होना चाहिए। डा. डीपी गोयल ने कहा कि एक लोकतांत्रितक व्यवस्था में मतदान हमारा सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है। विकास के लिए एक अच्छी और मजबूत सरकार का होना जरूरी है। एक अच्छी सरकार चुनने के लिए जरूरी है कि हर नागरिक अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करे। डा. डीपी गोयल ने कहा कि पिछले कुछ समय में गुरुग्राम में प्रतिशत में कमी दर्ज की गई है। मतदान को अपनी नैतिक




जिम्मेदारी समझते हुए कैनविन फाउंडेशन के मतदाताओं को जागरुक करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि 25 मई शनिवार को पोलिंग बूथों पर अधिक से अधिक संख्या में जाकर अपने मत का प्रयोग करें। दूसरों को भी प्रेरणा दें। अपने घर के बड़े-बुजुर्गों को भी मतदान कराएं, ताकि उनका भी इस लोकतंत्र की मजबूती में बराबर का सहयोग रहे। डा. डीपी गोयल ने कहा कि इस बार चुनाव आयोग ने मतदाताओं के लिए बहुत सी सुविधाएं दी हैं। पहले तो 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं के बैलेट पेपर से वोट डलवाए हैं। जो बूथों पर आकर वोट डालना चाह रहे हैं, उन्हें व्हील चेयर आदि दी जाएगी। बूथों पर ठंडे पानी का इंतजाम रहेगी। कई स्थानों पर विशेष बूथ भी बनाए गए हैं, जहां पर लोकतंत्र का पर्व मतदान यादगार बनेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। पहली बार वोट डालने वाले युवा तो पूरे जोश के साथ इस पर्व में भाग लें।

### लोकसभा चुनाव से पूर्व अहीरवाल में भाजपा को बड़ा झटका

## पूर्व मंत्री व रोहतक लोकसभा के कोसली विधानसभा प्रभारी रहे वरिष्ठ नेता जसवंत बावल ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का थामा दामन



**राज्यसभा सांसद ने कांग्रेस में शामिल कराते हुए कहा कांग्रेस में दिया जाएगा पूरा मान-सम्मान**

**पूर्व मंत्री की घर वापसी से कार्यकर्ताओं में समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रेवाड़ी।** लोकसभा चुनाव से पूर्व अहीरवाल में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री व लोकसभा चुनाव में रोहतक क्षेत्र के कोसली विधानसभा चुनाव प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत सिंह बावल भाजपा को अलविदा कहते हुए अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

राज्यसभा सांसद चौ. दीपेंद्र हुड्डा ने पूर्व मंत्री को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

बावल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनकर बंसीलाल सरकार में मंत्री रहे जसवंत सिंह बावल पिछले लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में रहकर पूरी मजबूती के साथ संगठन को मजबूत बनाने में जुटे थे। जिसके चलते उन्हें लोकसभा चुनाव में रोहतक लोकसभा क्षेत्र के कोसली विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया गया था। किंतु अचानक नयागांव जाट में चुनाव प्रचार के दौरान पहुंचे राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा को अलविदा कहकर अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर दी। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पूर्व मंत्री जसवंत बावल को पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया तथा विश्वास दिलाया कि उन्हें कांग्रेस पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद निश्चित रूप से अहीरवाल क्षेत्र विशेषकर बावल में संगठन को और ताकत मिलेगी।

पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने बताया कि वे भारतीय जनता पार्टी के संगठन को लगातार मजबूत करने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटे हुए थे, लेकिन हाईकमान की ओर से उन्हें अनदेखा किया जा रहा था। इसके अलावा जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए, उससे भी उन्हें महरूम रखा गया। जिसके चलते उन्होंने अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करने के उपरांत ही यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बावल विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी को पूरे अहीरवाल क्षेत्र में मजबूत किया जाएगा।

पूर्व मंत्री की कांग्रेस में घर वापसी के बाद उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं में भी भारी जोश व उत्साह बना हुआ है।

## पहले मतदान फिर जलपान : करण सिंह लखेरा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरुखनगर।** लखेरा समाज की मीटिंग का आयोजन प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में किया गया इसमें लखेरा समाज गुरुग्राम रेवाड़ी नूह पटौदी फारूख नगर बाबल धारूहेड़ा के सभी लखेरा समाज के लोगों ने राव इंद्रजीत सिंह का समर्थन किया और भारतीय जनता पार्टी के ऊपर अपना विश्वास जताया और कहा कि हम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देते हैं ताकि देश को मजबूत स्थिति में ले जाएं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के समर्थन में लखेरा समाज बंधुओ ने एकजुट होकर भाजपा को समर्थन दिया प्रधान ओमप्रकाश ने कहा भारतीय जनता पार्टी ही देश को मजबूत स्थिति में ले जा सकती है रेवाड़ी के प्रधान शिवकुमार खंडोडा ने कहा एकमात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी है जो देश हित में कार्य करती है समाजसेवी प्रेम कुमार लखेरा जी ने अपने विचार रखते हुए कहा की हरदिल अजीज हमारे कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव सदैव हमारे लखेरा समाज के हित में जब भी हम बुलाते हैं समय समय पर आते रहते और मार्गदर्शन करते हैं समाजसेवी मास्टर रामचंद्र राठीवास ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ही गुरुग्राम का विकास कर सकते हैं लखेरा समाज के लोगों ने कहा कि हम भारी बहुमत से उनको जीत दिलाएंगे । भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण संयोजक कृष्ण कुमार लखेरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र राष्ट्रीय हित में कार्य करने वाली पार्टी है जो सदैव देश और सर्व समाज के हित में कार्य करती है । विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए प्रमुख समाजसेवी करण सिंह लखेरा ने कहा की राव इंद्रजीत सिंह अहिरवार की आन बान शान है जन लोकप्रिय नेता है जो सर्व समाज के लिए कार्य करते हैं चाहे एम्स का निर्माण कार्य हो या रेलवे से संबंधित कार्य हो हर कार्य में सदैव तत्पर रहते हैं हम और हमारा समाज सदैव उनके साथ है और उनको भारी बहुमत से जिताएंगे और गांव गांव ओर घर २ जाकर भारतीय जनता पार्टी का प्रचार कर रहे हैं उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी को अपने मत का देशहित में प्रयोग करना चाहिए आने वाली 25 मई को कमल के निशान पर बटन दबाकर राव इंद्रजीत जीत सिंह को भारी बहुमत से सफल बनाए उन्होंने कहा पहले मतदान फिर जलपान। इस अवसर पर प्रधान ओमप्रकाश लखेरा रिटायर सूबेदार शेरसिंह प्रवीण लखेरा सत्यवान रामचंद्र राठीवास कृष्ण कुमार अनमोल लखेरा शिवकुमार धर्मेंद्र रविंद्र लखेरा बिल्लू जितेंद्र लखेरा वीरेंद्र लखेरा मीर सिंह लखेरा कर्ण सिंह लखेरा गुरदास लखेरा धन सिंह ईश्वर चुन्नीलाल लखेरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के लिए आज होगा मतदान

**हरियाणा के 2 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला**

**प्रदेश में बनाये गए हैं 20,031 मतदान केंद्र, 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित**

**96 हजार से अधिक अधिकारी व कर्मचारी निभाएंगे पोलिंग ड्यूटी**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के लिए आज 25 मई को मतदान होगा। प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। हरियाणा के 2 करोड़ 76 हजार 768 पंजीकृत मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि आज घरों से बाहर निकल कर अपने मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 20,031 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इनमें 19,812 स्थाई तथा 219 अस्थाई मतदान केंद्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में 5,470 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14,342 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 99 मतदान केंद्र ऐसे हैं जो पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा, 96 मतदान केंद्र यूथ कर्मचारी तथा 71 मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं सहित हीट वेव के मद्देनजर अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा लगभग 96 हजार से अधिक अधिकारी व कर्मचारी (सुरक्षा बलों को छोड़कर) मतदान केंद्रों में डयूटी पर रहेंगे। इसके अलावा उड़न दस्ते, ऑब्जर्वर के साथ माईक्रो ऑब्जर्वर अलग अलग मतदान केन्द्रों पर मौजूद रहेंगें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आयोग की ओर से सारे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**बच्चे भी परिवारजन के साथ सेल्फी लेकर करें अपलोड, जिला स्तर पर निकाले जाएंगे ड्रा, विजेता को मिलेगा 10 हजार रुपये का नकद इनाम**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन स्कूली बच्चे भी चुनाव का पर्व-देश का गर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें, इसके लिए भी अनूठी पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा आज मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी है। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमश: 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए https://www.ceo-haryana.gov.in/ पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को प्रात: 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान अधिकारों के प्रति सजग करना है। लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे।

# कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए मेहनत करें



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सांसद राज बब्बर ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आह्वान किया है कि वे मतदान के दिन सक्रिय रहकर ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए काम करें। शनिवार को होने वाले मतदान के दिन मतदाताओं से निरंतर संपर्क में रहते हुए एक-एक वोटर को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। शुक्रवार को अपने सेक्टर 15 स्थित निवास पर अलग-अलग ग्रुपों से बैइक कर कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने कहा कि मौसम के मिजाज को देखते हुए कार्यकर्ता का सक्रिय रहना आवश्यक है। वे यह भी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वोटर को उसकी मतदान पर्ची सुविधापूर्वक मिल जाए। वोटर को उसके मतदान केंद्र की जानकारी भी दी जानी चाहिए।

कंग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने दोपहर तक सेक्टर 15 के अपने निवास एवं कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं से बैठकों का सिलसिला जारी रखा। दोपहर बाद से देर सायं तक उन्होंने गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर वहां अपने चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ता और समर्थकों की बैठकें कर सचेत किया कि वे भी विशेष रूप से ध्यान रखें कि मतदान से पूर्व विरोधी पक्ष के लोग मतदाता को किसी भी प्रकार से गुमराह न कर पाएं। पूर्व सांसद एवं सिने अभिनेता राज बब्बर ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन चुका है। पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य सहयोगियों ने यह माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत के बिना उनकी जीत सुनिश्चित होना संभव नहीं था। अब अंतिम दौर में वे अपनी इस मेहनत का और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए काम करें। कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने कहा कि हार होती देख हताशा में भाजपा के लोग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक आने से रोकने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देना है। श्री बब्बर ने गुरुग्राम जिला के विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ मेवात और रेवाड़ी जिलों के विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भी बैठकें कर आवश्यक मंत्रणा की।

**मानेसर में जमीनों का मामला भाजपा के लिए बनेगा जी का जंजाल**

# 1810 1128 और 162 एकड़ जमीन का प्रतिनिधि मंडल मिला राहुल गांधी से



**वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलबीर और सुभाषिनी शरद यादव के नेतृत्व में मुलाकात**

**अधिग्रहण के खिलाफ पिछले 2 वर्ष से अनिश्चितकालीन धरने पर किसान**

**राहुल गांधी बोले इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर प्राथमिकता से होगा समाधान**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** औद्योगिक क्षेत्र मानेसर कहलन वाले इलाके की जमीनों का मामला भाजपा के लिए जी का जंजाल साबित हो सकता है पटौदी के विधायक एडवोकेट सत्य प्रकाश जरावता के आवासीय क्षेत्र मानेसर के ही अनेक किसान बीते कई वर्षों से जमीनों के अपने मामले को लेकर समाधान के लिए लगातार अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं इतना ही नहीं विभिन्न मौकों पर डबल इंजन सरकार में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी किसानों को आश्वासन दिए गए किसानों के द्वारा जमीनों के उचित मुहावरे और कथित ब्याज के भुगतान को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन भी सौंप जा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा।

अब इसी कड़ी में हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राव कमलबीर सिंह व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवम राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाषिनी शरद यादव जी के नेतृत्व में दक्षिण हरियाणा किसान खाप समिती के बैनर तले हरियाणा सरकार से परेशान 1810 एकड,1128 एकड,162 एकड के प्रती निधितव राहुल गांधी (कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष) से मिले। किसानों के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा राहुल गांधी को बताया गया पिछले 2 साल से किसान 1810 एकड (गांव कासन, कुकरोला, सहरावन) + 1128 एकड (गांव फकरपुर, फाजिलवास, खरखडी, कुकरोला, मोकलवास, बासलामबी, सहरावन) गलत तरीके से हुए अधिग्रहण के खिलाफ लगातार धरने पर बैठे हुए है।

सरकारी वकील, जनता के चुने हुए विधायक, सत्ता पक्ष के सांसद, डबल इंजन सरकार के हरियाणा में सरकार में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री भी हाईकोर्ट और विधानसभा मे यह कहते रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 1810 एकड जमीन का अधिग्रहण जल्द करके रिपोर्ट जमा करवाए। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई 2024 को हरियाणा सरकार और एचएसआईडीसी की गलत नियत और निती पर 1810एकड की प्रकिया पर रोक स्टेटस को लगा दी। राहुल गांधी ने दक्षिण हरियाणा किसान खाप समिती के प्रतिनिधिमंडल और किसानों जमीनों संबंधित बातें और समस्याओं को सुनने के बाद प्रतिनिधि मंडल को यह आश्वासन दिया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही उनकी समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।

# जिला के 1333 मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां



**मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए कर्मचारियों की रिहर्सल करवाई**

**पोलिंग पार्टियों के साथ तैनात रहेंगे सुरक्षा कर्मी**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** आम लोकसभा चुनाव के लिए आज जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर से ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री देकर पोलिंग पार्टियों को पुलिस सुरक्षा में बूथ के लिए रवाना किया गया। जिला के 1333 मतदान केंद्रों के लिए आज सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथ पर पहुंच गई हैं। कल सुबह 7 बजे इन सभी मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू हो जाएंगी। कालेज परिसर में आज सुबह नौ बजे सभी पोलिंग पार्टियां पहुंचनी शुरू हो गई थीं।

बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम विश्वजीत चौधरी, सोहना हलके के पांडाल में एसडीएम सोनू भट्ट व गुडग़ांव विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में एसडीएम रविंद्र कुमार ने पोलिंग पार्टियों को आखिरी चुनावी रिहर्सल में मतदान प्रक्रिया के आवश्यक बिंदुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र के अंदर कोई भी वोटर अपना मोबाइल फोन लेकर नहीं आएगा। हर एक मतदाता की वोटर आईडी या भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मान्य 14 आईडी देखकर ही उनको वोट डालने की अनुमति दी जाए। मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में अवश्य होना चाहिए। वोटिंग के समय वोटिंग कंपार्टमेंट में केवल वोटर ही अंदर जाएगा, उसके साथ अन्य कोई व्यक्ति नहीं होना चाहिए।

पांडाल में एलईडी स्क्रीन पर कर्मचारियों को ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन को चलाने की ट्रेनिंग दी गई। एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के साथ एक एपीओ व दो पोलिंग ऑफिसर शामिल हैं। पीठासीन अधिकारियों को बताया गया कि वे अपनी डायरी व फार्मों को ध्यान से भरें। इसके बाद पटौदी के 250, सोहना के 261, बादशाहपुर के 455 व गुड़गांव के 367 मतदान केंद्रों के लिए सभी पोलिंग पार्टियां उनके साथ तैनात किए गए पुलिस कर्मियों के साथ बसों में बैठकर रवाना हो गईं। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए कुछ पोलिंग पार्टियों को व्हील चेयर भी दी गईं हैं। शाम को सैक्टर ऑफिसरों ने पोलिंग पार्टियों के बूथ पर पहुंच जाने के बारे में रिपोर्ट ली।

# मतदाताओं की सुविधा का रखा गया है पूरा ध्यान : डीसी

**अधिक से अधिक संख्या में मतदाता बूथ पर आकर करें वोट**

**डीसी निशांत कुमार यादव व पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया**

**महिला कर्मचारियों की शहर में लगाई गई है ड्यूटी**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि किसी वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग मतदाता को बूथ तक आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा चाहिए तो वह 1950 नंबर डायल कर इस सेवा का लाभ उठा सकता है। जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए यह कदम उठाया है। अभी तक करीब दो हजार नागरिक आवागमन की सुविधा के लिए फोन कर चुके हैं।

डीसी आज राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में स्थानीय संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने हर एक बूथ पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई हैं। जिला में महिलाओं के लिए चार पिंक बूथ, नौजवानों के लिए चार यूथ बूथ, दिव्यांगों के लिए चार पीडब्ल्यूडी बूथ और आम नागरिकों के लिए चार विशेष मॉडल बूथ स्थापित किए हैं। शनिवार 25 मई को गुरूग्राम जिला के मतदाता अपने बाकी काम छोडक़र सबसे पहले वोट डालने के लिए बूथ पर जाएं और लोकतंत्र के इस पावन यज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें। उन्होंने बताया कि जिला के कुछ शहरी मतदान केंद्रों पर इस बार महिला कर्मचारियों को भी नियुक्त किया गया है। जिससे कि महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में आकर वोट करें।

निशांत कुमार यादव ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए 85 सैक्टर मैजिस्ट्रेट, 37 जोनल मैजिस्ट्रेट व एचसीएस व आईएएस स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में 19 क्यूआरटी टीमें गठित की गई हैं। मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की कहीं कोई अड़चन आती हैं तो ये टीमें एक्शन के लिए तैयार रहेंगी। हर सैक्टर मैजिस्ट्रेट को एक ईवीएम मशीन दी गई है, जिससे कि कोई ईवीएम मशीन खराब हो जाए तो उसे तुरंत बदला जा सके। मतदान प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे तथा वेब कैमरे पोलिंग बूथ पर लगाए गए हैं। वेबकास्ट कैमरों को देखने के लिए 45 कर्मियों की टीम सचिवालय परिसर में बनाए गए कंट्रोल रूम में मौजूद रहेगी।

डीसी ने बताया कि हीट वेव को देखते हुए हर एक बूथ पर एक पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा बूथ पर ओआरएस के पैकेट रखवाए गए हैं। जिला में 12 एंबुलेंस आकस्मिक स्वास्थ्य सेवा के लिए तैनात रहेंगी। लोकसभा चुनाव में करीब सात हजार कर्मचारी ड्यूटी कर रहे हैं। पर्दानशीं महिला वोटरों की पहचान करने के लिए 520 मतदान केंद्रों पर आंगनबाडी वर्करों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान केंद्रों के आसपास दो सौ मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। मतदान के बाद अपने अभिभावकों के साथ फोटो खींच कर सीईओहरियाणा.जीओवी.इन वेबसाइट पर अपलोड करने वाले बच्चों को ड्रा निकाल कर पुरस्कार दिए जाएंगे।

राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में आज डीसी निशांत कुमार यादव व पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने मतदान की तैयारियों के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसीपी विरेंद्र विज, डीसीपी मयंक गुप्ता, एसडीएम दर्शन यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री अनिल विज ने भीषण सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों की दी सांत्वना व अस्पताल पहुंच घायलों का हालचाल जाना



**पूर्व मंत्री अनिल ने फोन पर मुख्यमंत्री से बात कर घायलों को हर संभव मदद देने का आह्वान किया**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधायक श्री अनिल विज ने आज अंबाला के जीटी रोड पर भीषण सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों एवं घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने प्रात: सिविल अस्पताल और आदेश मेडिकल कालेज में पहुंचे घायलों से बातचीत की और वहां मौजूद परिजनों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। श्री विज ने इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से फोन पर बात की और घायलों व परिजनों की हर प्रकार मदद करने का आग्रह किया। वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री अनिल विज ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से परिवार के लोग वैष्णों देवी जा रहे थे। जीटी रोड पर ट्रक के साथ मिनी बस की भयंकर दुर्घटना हुई है जिसमें छह लोगों की मौत हुई है और कई घायल हुए है।

घायलों का अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल और आदेश अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सैनी से बात की है कि घायलों व परिजनों की हर प्रकार से मदद की जाए और इनको इनके घरों में पहुंचाने का प्रबंध किया जाए। गौरतलब है कि गत मध्य रात्रि जीटी रोड पर मध्य रात्रि ट्रक व मिनी बस की टक्कर में वैष्णों देवी जा रहे छह लोगों की मौत हो गई जबकि 21 लोग घायल हो गए जोकि अस्पतालों में उपचाराधीन है।

# दिव्यांग ने ठाना है मतदान को बढ़ाना है : दिव्यांग भूदत शर्मा

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** रविवार को सर्व दिव्यांगजन उत्थान समिति के कोसली गांव बस स्टैंड पर स्थित कार्यालय में एक मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें प्रधान जसवंत सिंह के द्वारा समिति के कार्यों की जानकारी दी गई। इसके बाद समिति के समन्वयक व समाजसेवी दिव्यांग भूदत शर्मा ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ-साथ आम जनमानस को भी वोट के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि एक वोट में भी बहुत ताकत होती है क्योंकि कभी-कभी एक वोट से ही हार जीत का फैसला हो सकता है इसके अलावा मत के माध्यम से ही लोकतंत्र में आमजन की भागीदारी होती है इसलिए आप सबसे अपील करता हूं कि दिव्यांग साथियों के साथ-साथ सभी लोगों व खा़सतौर पर नवयुवकों को भी अपना वोट डालना चाहिए। क्योंकि... हम सब करेंगे मतदान, जिससे बढ़ेगी लोकतंत्र की शान।

इसके अलावा मास्टर भूदत शर्मा ने सभी समर्थ दिव्यांगों को चुनाव के दिन अपने व्हीलचेयर व ट्राईसाइकिल से दिव्यांगों, बीमारों व वृद्धों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने में मदद करने की अपील भी की, ताकि वे भी अपने मत का प्रयोग करके लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इसके साथ ही प्रधान जसवंत सिंह ने बताया कि मा.भूदत शर्मा हर समय समाजसेवा व राष्ट्रसेवा से संबंधित कार्यों में पूरा योगदान देते हैं। महासचिव कुलदीप व मिडिया कोर्डिनेटर दयावान ने भी सभी दिव्यांग साथियों से अपनी व्हीलचेयर पोलिंग बूथ पर रखने को कहा। अंत में उपप्रधान श्री कृष्ण कुमार ने सबका धन्यवाद किया। इस दौरान जसवंत सिंह प्रधान, कुलदीप महासचिव, कृष्ण कुमार उपप्रधान, ईश्वर साहब, दयावान मीडिया कोऑर्डिनेटर, राजपाल खजांची, राकेश कुमार, रोहतास सिंह, मास्टर भूदत शर्मा, नरेश कुमार, नरसी, हरीश कुमार, संदीप कुमार, हिमांशु, धोलिया, श्रीमती बाला, स्वच्छता प्रेमी अनिल पंच व अन्य सदस्य उपरस्थित रहे।

# बिजली के ट्रांसफार्मर में लगी आग, स्विफ्ट कार और बाइक जलकर हुई राख

## बावल बीडीपीओ ऑफिस के बाहर की घटना

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** जिले के बावल कस्बा में खंड विकास पंचायत अधिकारी ऑफिस के बाहर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शुक्रवार दोपहर को भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसके पास में खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार और बाइक भी चपेट में आकर पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक ट्रांसफार्मर और दोनों वाहन जल चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब सवा बजे के करीब बावल शहर स्थित बीडीपीओ ऑफिस के बाहर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से पहले हल्की हल्की चिंगारी निकालनी शुरू हुई और कुछ मिनट बाद ही आग की तेज लपटें उठने लगी। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग और बिजली निगम के अधिकारियों को दी। भीड़ भाड़ वाला इलाका होने के कारण ट्रांसफार्मर के बिल्कुल पास में बीडीपीओ ऑफिस में किसी काम से आए एक युवक की बाइक और टैक्सी नंबर की स्विफ्ट कार खड़ी हुई थी। कुछ ही मिनट के अंदर आग तेजी से फैलती चली गई। आग ने पहले बाइक को चपेट में लिया और फिर कार को भी चपेट में ले लिया। जब तक दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंचती दोनों वाहन जलकर राख हो चुके थे हालांकि अभी यह नहीं पता चल पाया है कि आग किस कारण से लगी। सूचना के बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

# डेयरी मलिक को बेसुध कर लेकर नौकर 2 लाख लेकर फरार

## कोल्ड ड्रिंक में मिलाया था नशीला पदार्थ, मलिक को 7 घंटे बाद आया होश

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के जाटूसाना क्षेत्र में एक नौकर अपने ही मालिक के 2 लाख लेकर फरार हो गया। आरोपी नोकर ने मालिक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया। 7 घंटे बाद जब मलिक को होश आया तो वह अपने आप को लुटा हुआ पाया। 2 लाख की नकदी, उसकी बाइक तथा अन्य सामान भी गायब मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बाइक पर पटौदी से पैसे लेकर वापस अपनी डेयरी पर पहुंच रहे थे और रास्ते में ही आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। जाटूसाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुग्राम जिले के गांव चैनपुरा निवासी महेश कुमार ने बताया कि उसने रेवाड़ी के गांव मनदौला में भैंस की डेयरी की हुई है, जिसमें मध्य प्रदेश निवासी महेंद्रपुरी गोस्वामी को बतौर नौकर रखा हुआ है। गुरुवार को महेश अपने नौकर के साथ डेयरी से बाइक पर सवार होकर पैसे लेने के लिए पटौदी गया था। पटौदी पहुंचने के बाद मैं इसने एक्सिस बैंक में अपनी पत्नी को एक लाख रुपये लेकर बुलाया और 5 लाख उसके खाते से निकलवाए। कुछ देर बाद ही इनमें से चार लाख रुपये उसने पटौदी में ही एचडीएफसी बैंक में जमा कर दिए। बचे हुए 2 लाख रुपये बैग में डालकर दोनों दोपहर में पटौदी से वापस मंदौला स्थित अपनी डेयरी के लिए चल दिए।

महेश के मुताबिक नौकर बाइक पर पीछे बैठा हुआ था रुपए का बैग भी उसके ही हाथ में था। रेवाड़ी-रोहतक नेशनल हाईवे 71 स्थित पाल्हावास चौक पर पहुंचने के बाद दोपहर करीब ढाई बजे गर्मी की वजह से नौकर एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल खरीद कर लाया। दोनों ने गांव जाटूसाना के पास पहुंचने के बाद अपनी बाइक रोकी और रास्ते में ही खड़े होकर कोल्ड ड्रिंक पी ली। महेश ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद वह बेहोश हो गया और आरोपी नौकर महेंद्र पुरी उसके 2 लाख कैश, बाइक, मोबाइल फोन, बैंक की पासबुक के अलावा एटीएम कार्ड लेकर भाग गया।

रात करीब 9 बजे जब महेश को होश आया तो वह सड़क किनारे पड़ा हुआ था। उसने इसकी सूचना जाटू साधना थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची और महेश की शिकायत पर आरोपी नौकर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेवाड़ी में स्वीप महाभियान में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम ने निभाई सक्रिय भागीदारी

## स्वीप अभियान में साहित्यकारों-कलाकारों का भी रहा उल्लेखनीय योगदान



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में जिला में गत एक माह से चल रहे मतदाता जागरूकता के बहुआयामी स्वीप महाभियान में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम सहित जिला के विभिन्न विभागों, अनेक रचनाकारों तथा कलाकारों ने मतदाताओं को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने मतदाताओं से अपील की है कि 25 मई को जिले के इस स्वीप अभियान के महायज्ञ में अधिक से अधिक मतदान करके पूर्णाहुति डालें ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिले।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन तथा मतदाता जागरूकता पर केंद्रित स्वीप कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि अनुपमा के कुशल संयोजन में पिछले एक माह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जहां देसी रॉकस्टार के नाम से चर्चित गायक एमडी ने युवा वोटर्ज को मतदान के लिए प्रेरित करने का अनोखे अंदाज में आह्वान किया, वहीं सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली के कलाकारों ने गांव-गांव जाकर हरियाणवी गीताों व रागनियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। साहित्यकार एवं प्राचार्य सत्यवीर नाहडिय़ा ने इन स्वीप गतिविधियों के लिए हरियाणवी नाटक 'बोट घणी सै कीमती' के अलावा करीब आधा दर्जन हिंदी तथा हरियाणवी गीत लिखकर इस महायज्ञ में आहुति डाली, जिन्हें रेडियो सिंगर दलबीर सिंह फूल व युवा गायक मुकेश काले ने स्वर तथा डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने इन तमाम रचनाओं का वीडियो संपादन किया। वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान की निर्देशन में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया।

इस बार स्वीप कार्यक्रमों हेतु जिले के अनेक साहित्यकारों एवं कलाकारों ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया, जिनमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्डो़दिया, मुकुट अग्रवाल भावुक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा मुतसिल भालखी के प्रवक्ता सुधीर यादव, प्रवक्ता डा.प्रवीण कादियान, मनोज कौशिक करनावास, मुरारीलाल सोनी, मीना, प्रदीप कुमार, प्रीति लांबा आदि का नाम उल्लेखनीय है। इस अभियान के अंतर्गत मतदान के बाद उंगली पर लगी स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करने वाले मतदाताओं के लिए जिला स्तर पर लक्की ड्रा की योजना भी प्रारंभ की गई है। जिला शिक्षा विभाग की देखरेख में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली के अलावा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वहीं रेवाड़ी जिला से जुड़े विशिष्ट जनों ने अपने संदेश के माध्यम से आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के अनेक सामाजिक संगठन भी प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोगी रहे हैं।

# एक ही कैप्सूल में भारत की पहली बायोआइडेंटिकल हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

> **मेमअप को विशेष रूप से इस अंतर को पाटने और नवीन व प्रभावी उपचारों की तत्काल आवश्यकता का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।**

**रेवाड़ी।** महिलाओं के स्वास्थ्य में अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनियों में से एक जगसनपाल ने आज भारत की पहली हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) मेमअप के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें यूएसएफडीए द्वारा अनुमोदित बायो-आइडेंटिकल एस्ट्राडियोल और बायो-आइडेंटिकल प्रोजेस्टेरोन का संयोजन शामिल है। यह रोज मुंह से लिया जाने वाला एक कैप्सूल है। मेमअप महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जो रजोनिवृत्ति के लक्षणों जैसे अचानक बुखार वाली गर्मी महसूस करना, रात को पसीना आना और नींद की समस्याओं के प्रबंधन के लिए एक अभूतपूर्व समाधान प्रदान करता है।

130 मिलियन से अधिक भारतीय महिलाएं वर्तमान में रजोनिवृत्ति की अवस्था में हैं या इसके करीब पहुंच रही हैं। भारतीय महिलाओं में रजोनिवृत्ति की औसत आयु 46.2 वर्ष है। इसकी व्यापकता के बावजूद रजोनिवृत्ति और इसके प्रबंधन के बारे में जागरूकता और समझ सीमित है। कई महिलाएं सामाजिक रुढ़ियों और स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों की कमी के कारण सहायता पाने के लिए संघर्ष करती हैं। मेमअप को विशेष रूप से इस अंतर को पाटने और नवीन व प्रभावी उपचारों की तत्काल आवश्यकता का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक अनोखा संयोजन है जो शरीर के प्राकृतिक हार्मोन की नकल करता है, जो एचआरटी को अधिक संतुलित और प्राकृतिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह इनोवेटिव फॉर्मूलेशन न केवल उपचार को सरल बनाता है बल्कि रोगी को बेहतर अनुभव कराता है। मेमअप को देश भर के खुदरा विक्रेताओं के पास उपलब्ध कराया जाएगा और इसे एक पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर द्वारा जारी किए गए वैध प्रिस्क्रिप्शन को दिखाने पर ही खरीदा जा सकता है।

जगसनपाल के प्रबंध निदेशक मनीष गुप्ता ने कहा, मेमअप का लॉन्च विभिन्न स्थितियों को पूरा करने वाले उत्पादों की सबसे विस्तृत श्रृंखला और इसके सफल प्रबंधन के साथ स्त्री रोग संबंधी क्षेत्र में जगसनपाल की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आने वाली तिमाहियों में कंपनी स्त्री रोग संबंधी श्रेणी में नए और अनुकूलित फॉर्मूलेशन के साथ अपनी उपस्थिति को मजबूत करना जारी रखेगी।

# आज मतदान के बाद सेल्फी लेकर पोर्टल पर करें अपलोड, पाएं पुरस्कार पाएं : डीसी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि आज लोकसभा का 18वां आम चुनाव हो रहा है। जिस प्रकार क्रिकेट के मैच में एक-एक रन का महत्व होता है, उसी प्रकार लोकतंत्र के इस महापर्व में एक-एक वोट का बहुत बड़ा महत्व है।

ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए जिला के सभी मतदाता पूरे जोश व उत्साह के साथ अपने मत का प्रयोग करें।

लोकतंत्र के इस महापर्व को और अधिक उत्साहजनक बनाने के लिए राज्य के विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार जीतने का भी एक सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाया गया है। जो विद्यार्थी अपने माता-पिता, दादा-दादी और सगे संबंधियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे और वोट डालने के बाद नीली स्याही लगी उंगली के साथ सेल्फी पोर्टल ceo-haryana.gov.in/ पर अपलोड करेंगे, उन्हें पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले विजेता को 10000, द्वितीय स्थान पाने वाले को 5000 और तृतीय स्थान पाने वाले वे विजेता को 2500 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। जिलास्तर पर सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करवाने के वाले स्कूल को 25000 रुपए का नगद व पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों व से आह्वान किया कि वे सेल्फी लेकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करें और यह पुरस्कार पाएं। लोकतंत्र को व मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी व फोन करके जानकारी ली जा सकती है। अभियान के संबंध में सभी स्कूलों में लगातार बच्चों को जानकारी दी जा रही है ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अवसर का लाभ उठा सके।

# राव इंद्रजीत सिंह की जीत में सहभागी बनेगा मेवात : गौरव जैन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी व सामाजिक कार्यकर्ता गौरव जैन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात को 25 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाइये और ज्यादा से ज्यादा भाजपा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के पक्ष में भरपूर मतदान करना चाइये क्योंकि आने वाले पांच साल विकास की दृष्टि से मेवात के लिए बहुत अहम हैं । मेवात के पिछड़ेपन को धोने के लिए पूर्व में भी भाजपा सरकार व राव इंद्रजीत सिंह ने बहुत काम किया है । और आने वाले पांच साल मेवात के लिए नया अध्याय लिखेंगे । ऐसे में सरकार में साझेदारी बहुत जरूरी है । यह तय माना जा रहा है कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने जा रही है और राव इंद्रजीत सिंह गुरुग्राम लोकसभा से भाजपा से हैट्रिक लगाने जा रहे हैं । ऐसे में विकास की बागडोर राव पर निर्भर करेगी । आने वाले पांच सालों में रेल लाइन का विस्तार , झिरका कॉलेज निर्माण , दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे का काम पूरा होना, दिल्ली अलवर रोड का निर्माण, रोजका मेव औधौगिक क्षेत्र का विकसित होना, उद्योग का विस्तार आदि ऐसे महत्वपूर्ण कार्य हैं जो मेवात को दिशा व दशा को बदलने का काम करेंगे ,क्योंकि ये सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के आधार पर ही मेवात का विकास निर्भर करेगा ।

आज राव इंद्रजीत सिंह को भी मेवात से बहुत आस उम्मीद है कि इस बार वे मेवात से भी जीत कर निकलेंगे । इसके भी बहुत कारण है जैसे कि राव स्थानीय प्रत्याशी हैं और लोग उनकी कार्य शैली से परिचित हैं। राव ईमानदार नेता है ये बात पूरा देश जानता है, राव अपने क्षेत्र के लिए केंद्र में लड़ाई लड़ने में सक्षम है, राव अपने दायरे में आने वाली ग्रांटों को बिना भेदभाव खुले दिल से बांटते हैं। उनके यहां आमजन उनसे सीधा मिल सकता है।

राव के यहां कार्यकर्ता का बहुत मान सम्मान है ,ये बात पूरी दुनिया जानती है। सबसे बड़ी बात राव सही बात को सही और गलत को गलत कहने की हिम्मत व ताकत रखते हैं। एक और बात जिसने राव को मुस्लिम हिन्दू दोनों वर्ग में लोकप्रिय बनाया है कि राव कभी जातिगत राजनीति नही करते, हिन्दू मुस्लिम नही करते । बिना मेवात से जीते भी राव के मेवात में खुलकर काम किये हैं । मेवात के बड़े राजनीतिक घराने, नेता राव के लिए वोट मांग रहे हैं, अनेकों सरपंच दिन रात मेहनत कर रहे हैं ।ऐसे अनेक कारण है जिनको वजह से राव इंद्रजीत को इस बार मुस्लिम बाहुल्य जिला नूह से भरपूर वोट मिल रही हैं ।

पूर्व मुख्यमंत्री का भी मेवात से लगाव किसी से छुपा नही है और हर मेवाती उनकी कदर करता है। शहीद हसन खां मेवाती के बलिदान दिवस को राजकीय अवकाश घोषित करके,उनकी प्रतिमा लगाकर मनोहर लाल ने मेवातियों का दिल जीता है । बिना खर्ची पर्ची दी गयी नौकरियों के लिए भी मेवात भाजपा का ऋणी है।

दूसरी और कांग्रेस ने बाहरी प्रत्याशी को टिकट देकर लोगों को दु:ख पहुंचाया है । राज बब्बर एक अभिनेता है जिनसे चुनाव के बाद कहाँ, कैसे मिला जाएगा, मिला जाएगा या नही मिला जाएगा ,इसका भी जवाब किसी के पास नही है । मेवात में चर्चा है कि कांग्रेस के तीनों विधायकों ने पूरी मेवात की वोटों का ठेका लेते हुए राज बब्बर को आम जन से दूर रखा है ।

लोगों में चर्चा है कि 31 जुलाई के दुखद हादसे की बात करके राज बब्बर ने मेवात के लोगों के जख्मो को कुरेदने का काम किया है । मेवात की जनता यह भी समझ चुकी है कि विकास के लिए सत्ता में भागीदारी बहुत जरूरी है और राव इंद्रजीत सिंह भारी मतों से जीत रहे हैं । इसलिए इस बार मेवात भी जीत के साथ रहेगा, राव इंद्रजीत सिंह के साथ रहेगा जिससे मेवात विकास की बुलंदियों को छू सके।



## संपादकीय

# कम मतदान प्रतिशत से किसको फायदा...?



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

अनेक चुनाव विश्लेषण बताते हैं कि 1999 और 2004 में कम मतदान प्रतिशत से भाजपा को फायदा हुआ, लेकिन 2014 में अधिक मतदान से लाभ हुआ। लेकिन विश्लेषक मतदान प्रतिशत और अंतिम परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध बताने में विफल हैं। बाज़ार के इस उतार चढ़ाव के बीच निवेशक लोकसभा चुनाव में कुछ चरणों के कम मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित हैं। वे चुनाव परिणाम के बारे में अनिश्चितता पाले हुए हैं। निवेशक ही नहीं, मतदाता एवं नेता भी भ्रंम एवं भटकाव पाले हुए है। लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा विरोधी 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर तृणमूल कांग्रेस नई सरकार के गठन में 'बाहर से समर्थन' देगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस टिप्पणी के बाद से ही राजनीतिक हलकों में कयासों और अटकलों का दौर तेज़ हो गया था। सवाल उठ रहा था कि क्या उनकी इस टिप्पणी में कोई नया संकेत छिपा है ? पांचवें चरण की सम्पन्नता के बाद यह साफ हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर इस बार सत्तारूढ़ भाजपा की कांग्रेस समाहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ कांटे की लड़ाई हैं और दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी विजय का दावा कर रहे हैं।

कम मतदान की पहेली का एक मतलब ये भी निकाला जा सकता है कि मतदाता को कोई उत्साह नहीं है, क्योंकि उसको ये लगता है कि 400 सीटों की जीत का दावा किया जा रहा है तो उसके वोट से कोई फर्क नहीं पडने वाला है। एक वजह ये भी हो सकती है कि वह परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है, लेकिन इन दोनों वजहों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं का रोल है, ये मतदाता की पहचान से जुड़े मामले नहीं हैं। विपक्ष इस बात को हवा दे रहा है कि जब सत्ताधारी दल का कार्यकर्ता जनता को बूथ पर लाने में फेल होता है तो इसका मतलब है कि कुछ गड़बड़ है। कुछ जानकार कह रहे हैं कि मामला उतना सपाट नहीं है। एक तो मौसम की मार और दूसरा ये एक ऐसा राजनीतिक मैच है जिसका नतीजा पहले से पता है इसलिए ऐसे मैच में कोई उत्साह नहीं होना बहुत सामान्य है।

पांचवें चरण में हो रहा लोकसभा का यह चुनाव भाजपा के लिए 'सेफ जोन' की तरह माना जाता है। दरअसल भाजपा और एनडीए ने मिलकर पिछले लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की 49 सीटों पर जिस तरह से बैटिंग की थी, वह उसको सत्ता की सीढ़ी तक ले गई। जबकि 2014 में भी भाजपा ने अपने सियासी ग्राफ को इस चरण में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया था। सियासी जानकारों का मानना है कि भाजपा ने अपने इसी मजबूत सियासी ग्राफ के मद्देनजर पूरी फील्डिंग पांचवें चरण की 49 सीटों पर लगा दी है। वहीं इंडिया गठबंधन और उसके सियासी दलों, जिसमें कांग्रेस और सपा समेत शिवसेना ने पांचवें चरण के लिए 2014 से पहले वाली रवायत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तैयारी की है। अब परिणाम तो भविष्य के गर्भ में हैं। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करते हुए अतिश्योक्तिपूर्ण भविष्यवाणियों एवं अटकलों से बचना चाहिए।

# इनेलो के लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बूथ वाईज ड्यूटी लगाई



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** इनेलो के लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने आज चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अपने सैक्टर-3 स्थित निवास राजा नाहर सिंह पैलेस पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा की और कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बूथ वाईज ड्यूटी लगाई। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव के मूड में है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अनुशासित रहकर अधिक से अधिक वोट डालने के लिए लोगों से अपील करें और उन्हें बताये कि यह लोकतंत्र का महापर्व है इसलिए अपने मत का उपयोग जरूर करें। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव महेन्द्र चौहान, इनेलो के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, पलवल के जिला अध्यक्ष अजीत बॉबी, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, सभी क्षेत्रीय प्रधानों के अलावा प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके बाद श्री तेवतिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि भाजपा और कांग्रेस को उखाड़ फैंकने का। पिछले दस वर्षों में भाजपा ने सिर्फ जुमले फैंककर लोगों को बरगलाने का काम किया है। आज युवा सडक़ों पर बेरोजगार घूम रहा है। आम जन महंगाई से परेशान है। भ्रष्टाचार इतना फैल गया है कि लोगों को सरकारी कार्यालय में कार्य करवाने के लिए पैसा देना पड़ता है। स्वास्थ्य और शिक्षा का भट्टा ही बैठ गया है। अस्पतालों में दवाईयां नहीं है, स्कूलों में मास्टर नहीं है।

वहीं कांग्रेस से लोग पहले ही दुखी आ चुके थे। श्री तेवतिया ने लोकसभा क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वह इनेलो के पक्ष में मतदान कर इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला, विधायक अभय चौटाला के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी सरकार इनेलो की बनेगी। जिसके बाद बुजर्गों को समय पर 75 सौ रूपए पैंशन मिलेगी, समय पर बिजली, पीने का पानी, किसानों को खाद व फसलों का उचित मूल्य मिलेगा। वहीं कानून व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा। साथ ही फरीदाबाद की सीवर व्यवस्था को नई लाईन डालकर दुरूस्त किया जाएगा।

इस मौके पर एनआईटी अध्यक्ष कुलदीप सिंह, युवा नेता संजय पांचाल, जिला प्रधान महासचिव बच्चू सिंह तेवतिया, संजय डागर, पूर्व पार्षद बच्चू सिंह तेवतिया सिही, उदयवीर सहरावत, तैय्यब हुसैन भीमसिका, बलदेव देशवाल, सत्ते पहलवान, दिनेश दलाल, बोधराज रावत, सुरेश मोर, सुरेश वर्मा, विजय तेवतिया, अनिल तेवतिया, दिग्विजय तेवतिया, ओमदत्त नागर, राजीव शर्मा, सोनू हुड्डा, धर्मेन्द्र हुड्डा कमलजीत सिंह, घीसाराम, चन्दन सिंह सौरोत, वेद पहलवान, रानी रावत, राजबाला, महावीर चौहान, रामपाल लिखी, बुधराम, पूनम चौधरी, चंदन सौरोत, रतन सौरोत आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# स्कूल बस सडक हादसाः स्कूल के एमडी ने शुक्रवार को कनीना कोर्ट में किया सरेंडर

**हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत अर्जी हो चुकी थी खारिज**

**एसडीजेएम कोर्ट ने 4 दिन का पुलिस रिमांड किया मंजूर**

**अब तक 9 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी गांव के समीप पिछली 11 अप्रैल को ईद के अवकाश के दिन घटित जीएल स्कूल बस हादसे में मारे गए झाडली गांव के 4 तथा धनौंदा के दो सहित 6 निर्दोष विद्यार्थियों के पीडित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए 11 मई को उन्हाणी में आयोजित की गई न्याय महापंचायत के बाद स्कूल के एमडी सुभाष लोढा ने शुक्रवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में सरेंडर कर दिया।

कोर्ट ने शामिल तफ्तीश होने के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसे कस्टडी में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी कर पुन: कोर्ट में पेश किया ओर 7 दिन के पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट ने आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। उसे 28 मई को पुन: कोर्ट में पेश किया जायेगा। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस स्कूल के एमडी से सीडीआर, स्कूल के दस्तावेज आदि कब्जे में लेगी। हादसे के बाद सुभाष लोढा भूमिगत हो गया था। जिसकी हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत अर्जी खारिज हो गई थी।

महापंचायत में की गई एमडी की गिरफ्तारी की मांग

पीडित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उन्हाणी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में न्याय महापंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीणों ने स्कूल के एमडी सुभाष लोढा को गिरफ्तार करने, प्रदेश सरकार द्वारा पीडित परिजनों को एक-एक करोड तथा घायलों को 50 लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने, मृतक छात्रों को शहीद का दर्जा देने, चेयरमैन राजेन्द्र सिंह लोढ़ा की ग्रीवेंस कमेटी से सद्स्यता तत्काल रद्द करने, स्कूल की मान्यता को रदद् करने की मांगें रखी गई थी।

**9 आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी**

पुलिस ने केस की संवेदनशीलता को देखते हुए हादसे के आरोपी एवं दोषी बस चालक धर्मेंद्र वासी सेहलंग, स्कूल की प्राचार्या दीप्ती राव, जीएल शिक्षा समिति के सचिव होशियार सिंह, चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढा, के अलावा बस चालक के साथ बस में शराब पीने वाले हरीश, भूदेव, संदीप व नरेश कुमार को पहले ही काबू किया जा चुका है। गिरफ्तार किया जा जा चुका है। अब तक स्कूल प्रबंधन के 4 सद्स्यों सहित कुल 9 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस बारे में डीएसपी महेंद्र सिंह व सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक मतदान के लिए किए जा रहे सुरक्षा इंतजाम के मध्य जीएल स्कूल के एमडी ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसे अदालत ने 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# प्रवर चिकित्सा अधिकारी ने किया सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जिले के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ.रमेश चंद आर्य ने शुक्रवार को स्वास्थ विभाग के उप केंद्र बवाना, सीएचसी सेहलंग, पीएचसी भोजावास तथा उप नागकि अस्पताल कनीना का औचक निरीक्षण किया। 46 डिग्री तापमान में उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, भवन व चिकित्सा सुविधाओं को परखा जो सराहनीय मिली। उन्होंने अस्पताल में दाखिल मरीजों से स्वासी सुविधाओं को लेकर बात की। चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अस्पताल में एंटीरेबिज वैक्सीन सहित सभी प्रकार की मैडीसन उपलब्ध हैं। गर्मी में आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि वे हीटवेव से बचाव करें। अपने जरूरी कार्य सुबह-सांय करें ओर घर से बाहर निकलते समय सिर को कपडे से ढक कर रखें, पानी का अत्यधिक सेवन करें। फिर भी हीटवेव की चपेट में आते हैं तो सरकारी अस्पताल में जाएं ओर चिकित्सक की सलाह लें। उन्होंने कहा कि कनीना के अस्पताल में साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता, एक्सरे मशीन का संचालन, मोर्चरी रूम पर विशेष ध्यान दिया गया है। क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनकी ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डिलीवरी केस अस्पताल में ही करवाने के लिए फोकस किया। इस मौके पर डॉ.जितेंद्र मोरवाल, डॉअंकित शर्मा, सतेंद्र यादव, डॉ.नेहा यादव हाजिर थे।

# लोकतंत्र के फेसटिवल के रूप में 25 मई मतदान के दिन रहेगा पेड हॉलिडे : डीसी




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के फेसटिवल के रूप में 25 मई मतदान के दिन पेड हॉलिडे रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि श्रम विभाग को दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं औद्योगिक इकाइयों और अन्य संस्थानों में उल्लंघना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार राज्य में 25 मई शनिवार को होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव -2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों सहित सभी निजी संस्थानों और कंपनियों और सभी निजी संस्थानों में पेड हॉलिडे रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने श्रम विभाग को दिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। औद्योगिक इकाइयों और अन्य संस्थानों में उल्लंघना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक संस्थानों को निर्वाचन आयोग की हिदायतें जारी की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड हॉलिडे रहेगा। ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें।

**जिला फरीदाबाद कि राजस्व सीमा के भीतर ड्रोन या कोई भी कम-उड़ान वाली वस्तु उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध:** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में कानून और व्यवस्था की समस्याओं, सुरक्षा खतरों और असामाजिक तत्वों और अन्य लोगों द्वारा ड्रोन के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए ड्रोन और कम-उड़ान वाली वस्तुओं आदि को उड़ाने पर तत्काल प्रतिबंध लागू करने के आदेश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश जिला फरीदाबाद की राजस्व सीमा के भीतर दिनांक 24.05.2024 (12:01 पूर्वाह्न) से 26.05.2024 (रात्रि 11:59 बजे तक) यानी 3 दिन की अवधि तक लागू रहेंगे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि यदि पुलिस कर्मी और अन्य सरकारी अधिकारी/एजेंसियां पूरी तरह से अपने आधिकारिक कर्तव्यों के सिलसिले में ड्रोन का उपयोग करते हैं, तो वे शर्तों के साथ ड्रोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पुलिस कर्मी और अन्य सरकारी अधिकारी अपनी सेवा वर्दी में हैं तथा वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए अपने आधिकारिक कर्तव्यों के संबंध में ड्रोन का उपयोग करने के लिए अधिकृत करने वाले अपने पहचान पत्र और प्राधिकरण कार्ड को साथ रखते हैं। यह छूट उपर्युक्त कर्मियों पर तभी लागू होती है जब वे आधिकारिक ड्यूटी पर हों। कुछ सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान फोटोग्राफी के लिए ड्रोन का उपयोग करना, जिसके लिए जिला मजिस्ट्रेट, फरीदाबाद की पूर्व अनुमति लिखित रूप में प्राप्त की गई है, इन सामाजिक कार्यक्रमों में रिंग समारोह, प्री-वेडिंग फोटोशूट, शादी समारोह और सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे राजनीतिक रैलियां आदि शामिल हो सकते हैं। जिलाधीश ने बताया कि इस आदेश की आकस्मिक प्रकृति को देखते हुए, इसे एक पक्षीय रूप से जारी किया जा रहा है तथा इन आदेशों का कोई भी उल्लंघन आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई को आमंत्रित करेगा।

# वार्षिक खेल कैंलेडर जारी, जून से खेल प्रतियोगिताएं शुरू



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** खेल विभाग ने 2024-25 के लिए खेल कैलेंडर जारी किया है। जून से विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शुरू होंगी, और कुल 24 खेल प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आयोजित होंगे। सीएम कप जुलाई में होगा। खेल नर्सरी के खिलाड़ियों के लिए स्टेट लेवल इंटर नर्सरी टूर्नामेंट भी होगा। गुरुग्राम मैराथन 23 फरवरी को और फरीदाबाद मैराथन 2 मार्च को आयोजित की जाएगी।

**प्रतियोगिता के लिए ये शेड्यूल जारी**

जिला स्तरीय खेल महाकुंभ -7 जून से 10 जून तक होगा

सीनियर स्टेटस्तरीय खेल महाकुंभ - 15 जून से 18 जून तक

जिला स्तरीय आखाड़ा प्रतियोगिता- 23 जून से 26 जून तक

स्टेट अखाड़ा प्रतियोगिता-28 से 30 जून तक

जिलास्तरीय इंटर नर्सरी प्रतियोगिता 3 जुलाई से 6 जुलाई तक

राज्यस्तरीय इंटर नर्सरी प्रतियोगिता 9 जुलाई से 12 जुलाई तक

सीएम कप-16 से 27 जुलाई

जिलास्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता- 2 से 5 अगस्त तक

राज्यस्तरीय एथलेटिक 16 से 19 अगस्त तक - करनाल व पंचकूला में

जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता- 23 से 26 अगस्त तक

राज्यस्तरीय तैराकी-30 अगस्त से 24 सितंबर तक - अंबाला में

जिलास्तरीय अर्चरी प्रतियोगिता - 13 से 16 सितंबर तक

राज्यस्तरीय अर्चरी प्रतियोगिता - 27 से 30 तक फरीदाबाद में

जिलास्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता- 4 से 7 अक्टूबर

राज्यस्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता-11 से 14 अक्टूबर तक -अंबाला

जिलास्तरीय हॉकी प्रतियोगिता- 25 से 28 अक्टूबर तक पंचकुला

मेजर ध्यान चंद स्टेट लेबल कंपटीशन 1 नवंबर को - पंचकुला

जिलास्तरीय शूटिंग कंपटीशन-8 नवंबर से 11 नवंबर तक -

रन फॉर फन रिमेमबरिंग मिखा सिंह-20 नवंबर

स्टेटस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता - 22 से 25 नवंबर तक फरीदाबाद

जिलास्तरीय जूडो और फैसिंग प्रतियोगिता-29 नवंबर से 2 दिसंबर तक

स्टेट स्तरीय जूडो और फैसिंग प्रतियोगिता-13 से 16 दिसंबर तक अम्बाला, पंचकूला, रोहतक में

# लोकतंत्र के महापर्व पर करें अपने मत का प्रयोगः सूरजपाल भूरा



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में चुनाव प्रचार से निपटने के बाद सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा ने अपने चांदपुर स्थित निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा की और कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बूथ वाईज ड्यूटी लगाई। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव के मूड में है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अनुशासित रहकर अधिक से अधिक वोट डालने के लिए लोगों से अपील करें और उन्हें बताये कि यह लोकतंत्र का महापर्व है इसलिए अपने मत का उपयोग जरूर करें।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें- krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# रसायनिक खाद से पैदा हुए अन्न ने मानव शरीर को बीमार बना दिया



समाचार गेट ब्यूरो

आज से 40-50 साल पहले सब कुछ ऑर्गेनिक ही था हर किसान के पास गोबर की खाद थी यूरिया के लिये शहर जाकर लाईन में नहीं लगणा पड़ता था खुद के खेत का बीज था अगली फसल के लिये अपणे खेत का अच्छी क्वालिटी का बीज बचाकर रखता था खेती बाड़ी पूरी तरह आत्मनिर्भर थी

बाजार में बैठा बणियाँ बोला आपके पास उन्नत किस्म के बीज नही है यह बेकार है आपको अच्छी पैदावार नही देते ये बीज की थैली ले जाओ एक बार

किसान भोला था महंगी बीज की थैली ले गया खेत में बुवाई करदी उन बीजो के साथ किसान के खेत में जहरीली विदेशी खतपतवार उग गयी।

खेत में अजनबी घास खेत मे देखकर किसान फिर बणिये के पास गया बणिया बोला : ये दवाई ले जाओ खेत में छिड़काव करो मजबूरी में किसान को उस खतपतवार को खत्म करने की जहरीली दवाई चुपचाप खरीदणी पड़ी द्य

कमजोर बीज से कमजोर पौधे खड़े हुऐ.. तो कीट उनसे चिपक गये .. तो बनियाँ बोला : ये कीटनाशक छिड़को तथा रासायनिक खाद डालो... तभी अच्छी पैदावार मिलेगी।

मरता क्या न करता..किसान को रसायनिक खाद और कीटनाशक खरीदणा पड़ा.. अच्छी पैदावार के चक्कर में हर बार दोगुना रसायनिक खाद और कीटनाशक छिड़कने लगा ... क्योकि वह बीज ही इस तरह के थे बिना रसायनिक खाद और कीटनाशक के पैदावार दे ही नही सकते थे हर बार पहले से ज्यादा जहर चाहिये जैसे नशेड़ी को हर आने वाले दिन हाई-डोज़ चाहिये ।

अब किसान बनियें यानि कॉरपोरेट के चंगुल में पूरी तरह फँस चूका था.. जीनोम सीड खरीद कर द्य

गुलामी हमेशा बीज से शुरू होती हैद्य

धीरे धीरे किसान की जमीन एक शराबी की तरह हो गयी... आदी बन गयी जहर की .. किसान भी कर्ज के बोझ तले दबता चला गया द्य किसान को कुछ समझ नहीं आ रहा था .. उसने भी दारू में अपणा एस्केप रूट तलाशा.. अब धरती को भी नशा चाहिये और किसान को भी ... दोनों आदी हो चूके नशे के और बणिये की पौ बारह पच्चीस द्य

किसान के खुड बिकणे लगे.. तो किसान स्प्रे /पेर्सटसाइड खुद पीणे लगा द्य

अब धरती बंजर हो गयी... मिट्टी दूषित/जहरीली हो गयी ... पेस्टीसाइड से हवा पानी सब कुछ जहरीला हो गया.. पशुओं के भी टीके लगणे शुरू हो गये।

कॉरपोरेट ने बीज /खाद और कीटनाशक का बड़ा बाजार खड़ा कर लिया... केंसर जैसी भयानक बीमारियों का जन्म हुआ... ड्रग इंडस्ट्री ने मानव औषद्यी का भी बड़ा बाजार खड़ा कर लिया क्योंकि रसायनिक खाद से पैदा हुऐ अन्न ने मानव शरीर को बीमार बना दिया ... रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण हो गयी ... आज हर मानव शरीर अन्न कम खाता है दवाई ज्यादा... सच कहें तो सिर्फ दवाईयो पर जिंदा है ।

आज किसान की खेती पूरी तरह से बणिये के कब्जे में है ... वह जब चाहे देश मे अन्न संकट पैदा कर सकता है ... किसान पूरी तरह से कॉरपोरेट/कंपनियों का गुलाम है उसके पास न देसी खाद है न देसी बीज द्य

अब बणिया वह कह रहा है .. आपने अपनी जमीन को बंजर कर दिया है.. जहरीला कर दिया है... आप जैविक खाद खरीदो .. वो जैविक खाद जो पहले सिर्फ किसान के पास थी ।

उधर बणियें के घर में भी केंसर होने लगा .. सुगर पर तो उनका आनुवंशिक अधिकार था ही ... औरतें बाँझ होणे लगी और मर्द नपूँसक

अब बाजार को हर चीज ऑर्गेनिक चाहिये ... बिना रासायनिक खाद और पेस्टीसाइड का गेहूँ ... बिना इंजेक्शन की सब्जी ... देशी गाय का दूध .. दूध ना मिले तो देशी गाय का मूत ही ला दो ..सेठ/सेठाणी को दिल का दौरा पड़ा है.. बाजार के 15-16 साल के बच्चे एक एक क्विंटल के हो रहे हैं .. मात्र अपणा शरीर ढो सकें वह भी एक अचीवमेंट है

अब सरकार/ एग्री साइंटिस्ट कह रहे हैं .. पारम्परिक खेती मत करो..बागवानी करो/ हर्बल खेती करो/औषधिय पौधे ऊगाओ/ कमर्शियल खेती करो ऊगा तो लेगा किसान पर यहाँ भी वही बणिये का रोल किसान को मार्केटिंग नहीं आती अपणा प्रोडक्ट सीधे इंडस्ट्री को बेचना नहीं आता मतलब मुनाफा वसूली कोई और करेगा कटणा हर हाल में खरबुजे को ही है

सरकार के पास कृषि क्षेत्र के ना तो कोई लोंग टर्म प्लानिंग है ना विजन क्योंकि जो एग्री विशेषग्य बणे बैठे हैं उन्होने कभी खेत का मुँह ही नहीं देखा

**साभार: सुभाष जाखड़**
**(फेसबुक वॉल से)**

# भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और क्लिंटन ने फिलीपींस का दौरा किया




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के तहत, नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने दक्षिण चीन सागर में मनीला, फिलीपींस का दौरा किया। इस दौरे ने फिलीपींस के साथ भारत के मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ करने की भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। पोर्ट कॉल में भारतीय और फिलीपींस नौसेना के कर्मियों के बीच विषय विशेषज्ञ आदान-प्रदान (एसएमईई), खेल कार्यक्रम, क्रॉस डेक दौरे, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोगी सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम शामिल थे।

फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट, और जहाजों के कमांडिंग ऑफिसर आर एडमिरल राजेश धनखड़, ने कमांडर फिलीपीन फ्लीट (सीपीएफ), आर एडमिरल रेनाटो डेविड, और डिप्टी कमांडेंट फॉर ऑपरेशंस, फिलीपीन कोस्ट गार्ड, वी एडमिरल रोलैंडो लिज़ोर पुंजालन जूनियर, के साथ बातचीत की। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट ने फ्लैग ऑफिसर इन कमांड, वाइस एडमिरल टोरिबियो डुलिनयान अदासी जेटी के साथ आपसी हितों के मामलों, सहयोग के अवसरों एवं क्षेत्र में और उससे परे भी मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर व्यापक चर्चा की। इस यात्रा ने भारत और फिलीपींस की नौसेनाओं के बीच नौसैनिक सहयोग और अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने पर चर्चा का अवसर प्रदान किया। पोर्ट कॉल भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत राजनयिक और रक्षा संबंधों का एक प्रमाण है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए यह भारत की एक्ट ईस्ट और 'सागर' नीति के अनुसरण में प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।

# अंधविश्वास में अपनी जीभ काटकर देवी को चढ़ाई



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** शहडोल जिले में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है, इस के सामने आने पर कहा जा सकता है कि 21वीं सदी में भी अंधविश्वास लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यहां एक युवक ने अपनी मन्नत पूरी करने के लिए देवी को अपनी जीभ काटकर बलिदान दे दिया। यह घटना खैरहा थाना क्षेत्र के छिरहटी गांव की बताई जा रही है। बता दें, कि युवक का नाम आकाश साहू छिरहटी गांव का निवासी बताया जा रहा है। वह मंगलवार शाम को वह सिद्ध बाबा काली मंदिर में पूजा करने पहुंचा। वहां उसने ब्लेड से अपनी जीभ काटकर देवी की प्रतिमा पर चढ़ा दी। इस दौरान युवक की जीभ से काफी खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। मंदिर में मौजूद अन्य भक्तों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**अक्सर मंदिर में पूजा करने आता था**

खैरहा पुलिस स्टेशन के प्रभारी दिलीप सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि युवक अक्सर पूजा करने के लिए मंदिर जाता था। इसी तरह मंगलवार को भी दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने दोस्तों के साथ मंदिर पर था। बाद में उसने अपने दोस्तों को घर लौटने के लिए कहा और उन्हें बताया कि उसने उपवास रखा है और वह मंदिर में ही रुकेगा । दोस्तों के चले जाने के बाद ही उसने अपनी जीभ काटने का प्रयास किया। उसने पुलिस को बताया कि इससे पहले कि बहुत ज्यादा खून बहने लगे, मैं जीभ का आधा हिस्सा काटने में कामयाब रहा। उसने प्रतिमा पर रक्त भी चढ़ाया। पुलिस के पहुंचने तक युवक के माता-पिता भी मंदिर पहुंच गए थे। आकाश को वहां के एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे शहडोल के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि उसका इलाज चल रहा है और वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# होली चाइल्ड स्कूल के शिक्षक विक्रम रावत बने सहायक अधिकारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** होली चाइल्ड पबलिक स्कूल रेवाडी की ओर से शारिरिक शिक्षा के अध्यापक विक्रम रावत ने नागपुर महाराष्ट्र के कामप्ठी में 7 अप्रैल 2024 से 22 मई 2024 तक नेशनल कैडेट कौर अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी द्वारा आयोजित राइफल शूटिंग प्रशिक्षण में भाग लिया। इस प्रषिक्षण में देश भर से 612 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। 45 दिनों तक चलने वाले कठिन प्रशिक्षण मे रावत ने अपने परिश्रम और सीखने के प्रति उत्साह से अधिकारियों को प्रभावित किया। प्रशिक्षण के दौरान होने वाली राइफल शुटिंग प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को पछाडते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए रावत को मेजर जनरल कपिल जीत सिंह राठौड द्वारा प्रशसति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने विक्रम रावत की उपलबधियों की सराहना करते हुए उनसे अपेक्षा की कि वे भविष्य में अपने विधालय में अधिक से अधिक छात्रों को सेना के लिए प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षण करने में अपने दायित्व का पूर्ण निर्वाह करेंगे।



# स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता अवश्य करें मतदान

**मतदान कर अपने कर्तव्य का करें निर्वाह**

**देश के सर्वांग्रीण विकास के लिए मतदान आवश्यक**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** देश के स्वस्थ मजबूत लोकतंत्र एवं देश के सर्वांग्रीण विकास के लिए मतदान करना,प्रत्येक मतदाता का नैतिक कर्तव्य व अधिकार है। प्रत्येक मतदाता सुनिश्चित करे, देश को मजबूत करने के लिए अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता रजत जैन *नगीना* ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की 18 + आयुवर्ग का व्यक्ति जिनका मत बन चुका है उन सभी से निवेदन है की मतदान करना मतदाता का नैतिक कर्तव्य व अधिकार है । देश की उन्नति व तरक्की के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें । लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक-एक मत का विशेष महत्व है। 100 प्रतिशत मतदाता मतदान कर भारत के स्वस्थ लोकतंत्र को ओर अधिक मजबूती प्रदान करें। मतदान करने के पश्चात ही व्यक्ति अन्य कार्य करे। मतदान का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दे।

# मतदान की जागरूकता को लेकर स्कूली छात्राओं द्वारा गाया गीत करो रे भाई सब मतदान सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**ज्यादा से ज्यादा मात्रा में मतदान करने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित किया जा रहा है**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मेवात क्षेत्र में मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बींवा ब्लॉक फिरोजपुर झिरका की छात्राओं द्वारा गाया गया गीत करो रे भाई सब मतदान सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है. विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार शर्मा द्वारा मेवाती भाषा में लिखे गए गीत के माध्यम से स्कूली छात्राओं फिजा, सिमरा तथा गुड़िया द्वारा ज्यादा से ज्यादा मात्रा में मतदान करने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित किया जा रहा है. प्रधानाचार्य ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के संबंध में समाज में संदेश देने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है इसी से प्रेरित होकर उन्होंने इस गीत की रचना की है. क्षेत्रीय भाषा में किसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाना ज्यादा आसान रहता है इस कारण उन्होंने गीत को मेवाती भाषा में लिखा. विश्व की सबसे श्रेष्ठ शासन व्यवस्था लोकतंत्र की रीढ़ मतदान ही है तथा लोकतंत्र के इस पर्व को हमें अपने अन्य पर्वों की तरह ही मनाना चाहिए एवं मतदान को सिर्फ अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य समझकर एक अच्छी शासन व्यवस्था का चुनाव करने में अपनी सशक्त भूमिका निभानी चाहिए. आगामी 25 मई को हरियाणा में लोकसभा के चुनाव होने हैं इसलिए निर्वाचन आयोग की पहल पर मतदान के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों में जागरूकता का संदेश देने के लिए छात्राओं द्वारा खूबसूरत तरीके से गाए गए इस गीत को लोगों द्वारा बहुत ही सकारात्मकता के साथ पसंद किया जा रहा है।

# वंडर वर्ल्ड स्टोरी झरोखों से राजकुमार की अद्भुत यात्रा



**समाचार गेट**

दूर देश में एक राजा के दो बेटे थे। बड़े बेटे का नाम विक्रम था और छोटे बेटे का नाम अर्जुन। विक्रम का विवाह हो चुका था और उसकी पत्नी का नाम सुलोचना था। अर्जुन, अपने भाई-भाभी के साथ रहता था और रोज जंगल में गायों को चराने के लिए ले जाता था। शाम को जब वह घर लौटता तो सुलोचना उसे बहुत ही बुरा खाना देती थी। धीरे-धीरे, अर्जुन बहुत उदास और कमजोर हो गया।

तब एक दिन गायों ने अर्जुन से कहा, अर्जुन, आप हमें जंगल में चारा खिलाते हो और खुद भूखे रहते हो। यह अच्छा नहीं है। आप ऐसा किया करो कि हमारा गोबर लेकर उससे चौका लगा लिया करो और उसमें बैठकर जो भी माँगोगे, वह तुम्हें मिल जाएगा।

अर्जुन ने गायों की बात मानी और ऐसा ही किया। अब उसे अच्छा भोजन प्राप्त होने लगा जिसमे कई प्रकार के मिष्ठान व तरह तरह के भोजन प्राप्त होने लगे अब वह पहले से ज्यादा स्वस्थ और प्रसन्न रहने लगा। लेकिन एक दिन सुलोचना को इस बात का पता चल गया। उसने विक्रम से कहा, देखो, अर्जुन रोज अच्छे-अच्छे भोजन करता है जबकि आप इतनी मेहनत करते हो और साधारण भोजन ही खाते हो। यह ठीक नहीं है।


विक्रम को भी यह सुनकर बुरा लगा और दोनों ने अर्जुन को मारने की योजना बनाई। उनकी योजना का पता गायों को चल गया। वे अर्जुन से कहने लगीं, आज रात तुम्हारी भाभी और तुम्हारा भाई तुम्हें मारने आएंगे।

अर्जुन घबरा गया और बोला, गौ माता, अब मैं क्या करूं?

गायों ने कहा, आज रात तुम हमें बाँधना मत। जैसे ही तुम्हारे भाभी-भाई आएंगे, हम तुम्हें जगा देंगे। तुम हमारी पूंछ पकड़ लेना, हम तुम्हें लेकर आकाश में उड़ जाएंगी।

**शेष भाग जारी...**

**ए आर महलोनिया**






# ईमानदार व्यक्ति को चुनकर लोकसभा में भेजें : महेंद्र प्रताप सिंह

## विकास और खुशहाली के लिए करें अधिक से अधिक मतदान



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज शुक्रवार को जहां अपने चुनावी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट के गुर सिखाए वहीं कई इलाकों में डोर-टू-डोर कर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज 25 मई को होने वाला चुनाव अपने फरीदाबाद-पलवल की दशा और दिशा बदलने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में हमारे क्षेत्र की जो दुर्गति हुई है, वह आप सबसे छिपी नहीं है क्योंकि भाजपा के राज में दोनों जिलों में जिस कदर भ्रष्टाचार और लूट मची है, वहीं जाति-धर्म वर्ग विशेष की बात कर जुम्लेबाजी में लोगों की भावनाओं से खेल आपसी भाईचारे को बिगाडा गया है। इसलिए अब समय आ गया है, ईमानदारी-शराफत व बेदाग छवि और बेईमानी को तराजू में तोलकर एक ईमानदार व्यक्ति को चुनकर लोकसभा में भेजें ताकि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके। लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों के प्रति आत्मीयपन दिखाते हुए कहा कि आप मेरे हो और मैं आपका, आपने हमेशा से ही मेरा साथ देकर मान बढ़ाया है और मैने भी पूर्व में पांच बार विधायक और हरियाणा सरकार में केबिनेट मंत्री रहते हुए ईमानदारी से सेवा कर फरीदाबाद को विकास की बुलंदियों पर पहुंचाया था। यहां मैट्रो के अलावा शिक्षा, चिकित्सा, बदरपुर पुल, सिक्स लाईन हाईवे, बाईपास रोड के साथ-साथ जितनी भी विकास योजनाएं हैं वह सब कांग्रेस सरकार की ही दैन है, और अब जल्द ही हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है, कांग्रेस सरकार बनते ही फरीदाबाद में फिर से विकास की रफ्तार बढ़ाकर फरीदाबाद के गौरव को विश्व स्तर पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने से लेकर भारत को प्रगति के पथ पर ले जाने का कार्य कांग्रेस ने ही किया है। सूंई से लेकर हवाई जहाज तक कांग्रेस राज में ही बने हैं तथा देश में कम्पयूटर क्रांति भी कांग्रेस की ही दैन है। उन्होंने कहा कि आज मैं आपके पास सहयोग के लिए आया हूं और आपने हमेशा मेरा साथ दिया है। अगर इस बार भी आपका साथ रहा तो सांसद बनने के बाद समूचे क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहने देंगे वहीं युवाओं को रोजगार देंगे। अच्छी कानून व्यवस्था देंगे साथ-साथ बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा के इंतजाम भी किए जाएंगे वहीं विकास और भाईचारा ही मेरी पहली प्राथमिक्ता होगी और मैं कभी भी अपनी चादर पर आंच नहीं आने दूंगा। क्योंकि पिछले दस साल में यहां के लोगों को सिर्फ भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व मंहगाई के अलावा कुछ नहीं मिला है। भाजपा ने केवल नफरत और भाई को भाई से लडाकर फूट डालो और राज करो की नीति पर कार्य किया है। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, महिला, युवा, कमेरे व कामगार तथा हर वर्ग अपने-आपको ठगा सा महशूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र को न्याय-पत्र का नाम दिया है। भाजपा के तो 15 लाख व रोजगार की गारंटी तो जुम्ले निकले हैं लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही जो वादे हमने आपसे किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों के समक्ष वादा किया कि कांग्रेस के हाथ के पंजे पर मुझे दिया गया एक-एक वोट आपके क्षेत्र की खुशहाली व 36 बिरादरी व हर वर्ग के भाईचारे में सहायक होगा। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील भी की।

# 25 मई को मतदान कर पाए फनमैक्स वाटर पार्क में विशेष छूट : रान्ती देव गुप्ता

## 30 प्रतिशत की छूट का फायदा मतदाताओं को मिलेगा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को लेकर पूरे शहर में छूट का सिलसिला चल रहा है अब उसी कड़ी में शहर का प्रसिद्ध वाटर पार्क फनमैक्स भी जुड़ गया है जिसमें आने वाली 25 मई को मतदान करने पर अपनी उंगली पर लगा स्याही का निशान दिखाने पर वाटर पार्क में 30 प्रतिशत की छूट का फायदा मतदाताओं को मिलेगा। फनमैक्स वाटर पार्क के संचालक रान्ती देव गुप्ता ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली में मताधिकार के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए चलाया जाने वाला तंत्र है। हम सभी को चाहिए कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मताधिकार का प्रयोग करें। रान्ती देव गुप्ता ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बेहद जरूरी है। इसे गंभीरता से समझना चाहिए। इसलिए हमने मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छूट दे रहे है ताकि वो बढ़ चढकर मनतदान कर सकें।

# आब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया पोलिंग पार्टियों को बूथों के लिए रवाना

## पोलिंग पार्टियों की विधानसभा क्षेत्रवार रेंडेमाइजेशन के जरिये लगाई गई ड्यूटियां



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए जनरल चुनाव आब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह के उपस्थिति में आज शुक्रवार को फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को बूथों के लिए रवाना किया गया। पोलिंग पार्टियों की विधानसभा क्षेत्रवार रेंडेमाइजेशन के जरिये ड्यूटिया लगाई गई हैं। जनरल आब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चुनाव आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया को फेसटिवल के रूप में निष्पक्ष ड्यूटी देकर पूरी निष्ठा के साथ सम्पूर्ण करवाए। जनरल आब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में निष्पक्ष मतदान के लिए फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए आज शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों को सेक्टर-14 के डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम रवाना करने पूर्व पोलिगं पार्टियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सभी नौ विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की ड्यूटिया रेंडेमाइजेशन के जरिए अलग-अलग लगाई गई हैं। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में छः विधानसभा क्षेत्र फरीदाबाद जिला के और तीन विधानसभा क्षेत्र पलवल जिला के लगते हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र का रेंडेमाइजेशन करके अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र वार पोलिंग पार्टियों लगाई गई हैं। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम फरीदाबाद शिखा अनतिल सहित अन्य अधिकारी गण उपर्सथित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के निर्देशन में पोलिंग पार्टियों की हुई रवानगी

## पोलिंग पार्टियों को दी गई विस्तृत ट्रेनिंग, ईवीएम संचालन को पुन : दिया प्रशिक्षण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को विधानसभा वार अलग-अलग स्थानों से पोलिंग पार्टियों को उनके पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रवानगी केंद्रों का दौरा करते हुए पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मचारियों से सीधी बातचीत की। जिला फरीदाबाद में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत छह मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां स्ट्रोंग रूम भी स्थापित किये गये हैं। इनमें सुषमा स्वराज महाविद्यालय बल्लभगढ़, गुर्जर भवन, पंजाबी भवन, एनआईटी लखानी धर्मशाला, दौलतराम धर्मशाला और सेक्टर-14 सथित डीएवी स्कूल का सभागार शामिल हैं। इन स्थानों से आज पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया, जिसके पहले सभी स्थानों पर पोलिंग पार्टियों को विस्तार से ट्रेनिंग दी गई। सभी पार्टियों को पुनः ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। कर्मियों की शंकाओं का समाधान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सभी केंद्रों का दौरा करते हुए गंभीरता से सारी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटीरत कर्मचारियों से पोलिंग के संदर्भ में सवाल भी किए। साथ ही कर्मचारियों को प्रोत्साहित भी किया कि वे पूर्ण पारदर्शिता के साथ बेहतरीन रूप में शांतिपूर्वक मतदान करवायें। उन्होंने सभी केंद्रों में स्थापित स्ट्रोंग रूम का भी जायजा लिया। साथ में सहायक निर्वाचन अधिकारियों से बातचीत करते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तहत सभी पोलिंग बूथों की वेबकास्टिंग करवायेंगे, जिसका कंट्रोल रूम लघु सचिवालय में स्थापित किया गया है। वेबकास्टिंग की सहायता से सभी बूथों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। हर प्रकार की छोटी-बड़ी घटना कैमरे में कैद होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 25 मई को मतदान सुबह 07:00 बजे शुरू होकर सायंकाल 06:00 बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने गर्मी की अधिकता को देखते हुए मतदाताओं से अपील की कि वे सुबह जल्दी वोट डालने को प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए बूथों पर भी विशेष प्रबंध किये गये हैं। मतदाताओं के लिए बहुत से नामी ब्रांडिड शोरूम विशेष छूट प्रदान कर रहे हैं, जिसका लाभ मतदाताओं को उठाना चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम अमित मान, एसडीएम शिखा आंतिल, एसडीएम त्रिलोकचंद, एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया आदि अधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रहित में आज आप अपने मत का प्रयोग जरूर करे : संजय भाटिया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अगर आप अपने देश से प्यार करते है, तो आज मतदान करने जरूर जाएं, क्योंकि आपके एक वोट की ताकत न केवल सरकार बनाती है, बल्कि देश की उन्नति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। उक्त उद्गार पूर्व हरियाणा रणजी क्रिकेटर व आलोचक संजय भाटिया ने कहे। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक धर्म है, कि वह अपना मतदान करके राष्ट्र धर्म को निभाए। उन्होंने कहा कि देश के जो युवा पहली बार मतदान करने जा रहे है, वह राष्ट्र हित में योगय उम्मीदवार को अपना वोट दे ताकि अच्छे लोग राजनीति में आए और देश की उन्नति में अपना योगदान दे सके। मतदान के दिन कुछ लोग छुट्टी मनाने बाहर चले जाते है या फिर घर पर रहते है, उन्होने कहा कि ऐसे लोगों से हम आग्रह करते है कि वह मतदान करने जरूर जाए ताकि वह हम योगय उम्मीदवार को चुनकर संसद में भेज सके।

# आप जिलाध्यक्ष की शिकायत पर तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जमीन हड़पने की कोशिश करने व रकम ऐंठने की नियत से जालसाजी कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी की शिकायत पर थाना सदर बल्लभगढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अपनी शिकायत पर हरेंद्र भाटी ने बताया कि अक्तूबर, 2017 में गोपाल सिंह ने अपनी जमीन बेचने के लिए उनसे संपर्क किया। उन्होंने उक्त प्लाट गोपाल सिंह से इकरारनामा दिनांक 5 अक्तूबर, 2017 को खरीद कर लिया जो कि 9 हजार रूपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से 23 लाख 40 हजार रूपए में लिया, उन्होंने दो लाख रूपए नगद गोपाल संह को अदा कर दिए व इकरारनामा के अनुसार बकाया रकम 21 लाख 40 हजार रुपए दस माह बाद रजिस्टरी के समय देने तय हुए। इकरारनामा से ही उपरोक्त प्लाट पर शिकायतकर्ता ने अपना कब्जा कर लिया। यह कि दोषी गोपाल सिंह तय समय से पहले ही प्रार्थी से मिलने लगा व तय समय से पहले ही घर की जरूरत कहकर बकाया रकम की मांग करने लगा, जबकि शिकायतकर्ता ने आश्वासन दिया कि अभी रजिस्टरी बंद है और एनओसी मिलते ही आपके नाम रजिस्टरी करा दूंगा, गोपाल सिंह की बातों में आकर उसकी जरूरत को समझते हुए बकाया रकम 21 लाख 40 हजार रूपए चैकों के माध्यम से अदा कर दिए। और उक्त जगह पर मकान बना दिया और किराएदार रख दिए। बाद में रजिस्टरी के लिए उससे एनओसी के लिए कहा गया तो वह टाल मटोल करने लगा और रजिस्टरी करने की एवज में दस लाख की मांग करने लगा, जिस पर पंचायत आदि हुई और आरोपी ने गलती स्वीकार कर रजिस्टरी करने को कहा लेकिन बाद में भी उसने रजिस्टरी नहीं की। इसके बाद उसने तरुण शर्मा व सोनू के साथ मिलकर जो आपराधिक किस्म के लोग है, फर्जी इकरारनामा कर उनके किराएदारों को निकालना शुरू कर दिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जाचं शुरू कर दी है।

# फरीदाबाद में एक ही परिवार के छह लोगों ने काटी हाथ की नस, मुखिया की मौत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-37 में मकान नंबर 406 में एक व्यापारी व उसके परिवार के पांच अन्य सदस्यों ने सुसाइड के लिए अपने हाथ की नसें काट ली। इससे उनका खून बह गया। सभी छह जनों, जिनमें दो महिलाएं हैं, को एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहां पर बुजुर्ग व्यापारी श्याम गोयल (70) की मौत हो गई। अन्य पांच का अभी इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में सेक्टर 37 में रहने वाले श्याम सुंदर का चांदनी चौक में देसी घी का कारोबार है। कुछ लोग आधी रात को लोन की वसूली के लिए उनके घर पहुंचे। इस दौरान ये व्यक्ति व्यापारी के गार्ड को उठा लग गए। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों ने अपने हाथ की नस काट ली। इसमें परिवार के मुखिया 70 वर्षीय श्याम गोयल की मौत हो गई। परिवार के 5 अन्य सदस्यों साधना गोयल (67), अनिरुद्ध गोयल (45), निधि गोयल (42), धनंजय गोयल (19), हिमांक गोयल (15) का सेक्टर 21 सथित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने श्याम सुंदर के शव को कब्जे में लेकर बीके सिविल अस्पताल में भेजा है। वारदात को लेकर छानबीन चल रही है। परिवार के बयान के आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी। इस दर्दनाक घटना में मकान मालिक श्याम गोयल की मौत हो गई, जबकि अन्य सदस्य एशियन अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में भर्ती लोगों में श्याम गोयल की पत्नी साधना, बेटा अनिरुद्ध, उसकी पत्नी निधि, इनके बेटे हिमांग व धनंजय शामिल हैं। यह जानकारी मिली है कि परिवार सूदखोरों से परेशान था। पड़ोसियों के अनुसार अक्सर यहां पर कुछ युवकों को आते-जाते देखा जाता था।

# वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रेवलर खड़े ट्रक से भिड़ी, 6 की मौत

**समाचार गेट/एजेंसी**



**उत्तर प्रदेश।** वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो ट्रेवलर अंबाला में खड़े ट्रक से जा भिड़ा। इस दर्दनाक हादसे में ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौत की खबर है। वहीं 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, टेंपो ट्रेवलर में सवार सभी लोग यूपी से वैष्णो देवी जा रहे थे। अंबाला के एनडीआई प्लाजा मोहड़ा के पास ट्रेवलर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक जा भिड़ी। टेंपो ट्रेवलर में सवार सभी लोग यूपी के बुलंदशहर के बताए जा रहे है। ये सभी माता वैष्णो देवी मंदिर जा रहे थे। इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में कुछ बच्चे भी शामिल बताए जा रहे है।

**हादसे में 15 लोग घायल :** इस हादसे में करीब 15 लोग घायल बताए जा रहे है। कुछ घायलों को अंबाला छावनी के सिविल हॉसपिटल में तो कुछ को नजदीकी आदेश हॉसपिटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस की मानें तो सुबह-सुबह ये हादसा हुआ है। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है।

**गाड़ी में सवार सभी लोग रिश्तेदार :** हादसे की जानकारी देते हुए घायलों ने बताया कि वह 23 मई की शाम को वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए थे। गाड़ी में सवार सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह मोहड़ा के पास पहुंचे तो एक ट्रक से उनकी ट्रेवलर की टक्कर हो गई।

# चुनावी पिच पर इंडिया गठबंधन भी टक्कर में



**समाचार गेट/एजेंसी**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को झारखंड की जिन चार लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें से दो धनबाद और गिरिडीह पर एनडीए के लिए लगातार चौथी जीत दर्ज करने और दो अन्य सीटों रांची और जमशेदपुर पर हैट्रिक लगाने का मौका है। हालांकि, सभी जगहों पर इस बार उसे 'इंडिया' गठबंधन से कड़ी टक्कर मिल रही है। रांची सीट पर 1991 से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, उसमें परंपरागत रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच टक्कर रही है। इस बार भी वही तस्वीर है। यहां भाजपा के संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय एक-दूसरे के आमने-सामने हैं।

**कांग्रेस ने सुबोधकांत की जगह बेटी यशस्विनी को मैदान में उतारा**

साल 2014 में भाजपा के रामटहल चौधरी ने दो टर्म (2004 और 2009) के सांसद सुबोधकांत सहाय को हराकर कांग्रेस से सीट छीनी थी। 2019 में भाजपा ने रामटहल चौधरी का टिकट काटकर संजय सेठ को उतारा था। उन्होंने कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को 2 लाख 82 हजार 780 मतों से पराजित किया था। इस बार कांग्रेस ने सुबोधकांत सहाय को उम्र के तकाजे के आधार पर चुनाव मैदान से किनारे रखा और बदले में उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को मैदान में उतार दिया। यशस्विनी राजनीति में बेशक नई हैं, लेकिन उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का दशकों पुराना अनुभव उनके साथ है। इसी की बदौलत वह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को टक्कर देती दिख रही हैं। हिंदुत्व, मोदी की गारंटी और शहरी वोटर संजय सेठ की ताकत हैं, तो यशस्विनी को आदिवासी, मुस्लिम और ईसाई मतों की गोलबंदी का भरोसा है।

**धनबाद में बीजेपी को हिन्दुत्व-ओबीसी का भरोसा**

धनबाद सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज करने वाले पीएन सिंह को उम्र के तकाजे की वजह से टिकट नहीं दिया और उनकी जगह बाघमारा इलाके के विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया। उनका मुकाबला कांग्रेस की अनुपमा सिंह से है। दोनों उम्मीदवार पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अनुपमा राजनीति में बिल्कुल नई हैं। लेकिन, उनका संबंध एक स्थापित राजनीतिक घराने से है। उनके पति अनूप सिंह बेरमो इलाके से कांग्रेस के विधायक हैं। ढुल्लू महतो हिंदुत्व, पिछड़ा वर्ग और स्थानीयता के फैक्टर की बदौलत संसद पहुंचने की उम्मीद बांधे बैठे हैं, तो दूसरी तरफ अनुपमा सिंह धनबाद में बिहारियों की बड़ी आबादी और सवर्णों के एक बड़े तबके को साधकर लड़ाई में जीत हासिल करने की फिराक में हैं।

**जयराम महतो इंडिया-एनडीए का बिगाड़ेंगे खेल**

गिरिडीह सीट 2009 से लगातार एनडीए के कब्जे में है। यहां से वर्ष 2009 और 2014 में भाजपा के रवींद्र पांडेय ने जीत दर्ज की थी, लेकिन 2019 में यह सीट बीजेपी ने सहयोगी आजसू पार्टी को दे दी। आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी ने पिछले चुनाव में झामुमो के जगरनाथ महतो को पराजित कर एनडीए का कब्जा बरकरार रखा। इस बार फिर वह एनडीए के प्रत्याशी हैं। उनका मुकाबला इस बार झामुमो के प्रत्याशी विधायक मथुरा महतो से माना जा रहा है। यहां झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) से ताल्लुक रखने वाले निर्दलीय जयराम महतो भी मुकाबले में एक मजबूत कोण माने जा रहे हैं। ये तीनों प्रत्याशी कुर्मी जाति से आते हैं और इस वजह से यहां का चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है।

# केदारनाथ में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, बची 6 लोगों की जान



**समाचार गेट/एजेंसी**

**केदारनाथ।** उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में हेलिकॉप्टर क्षतिग्रस्त हुआ है। हालांकि, इस हादसे में किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। इस हादसे में हेलिकॉप्टर क्षतिग्रस्त भी हुआ है। हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हेलिकॉप्टर के रोटर में खराबी आने के कारण हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अचानक आई तकनीकी खराबी ने केदारनाथ जा रहे छह तीर्थयात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी। हालांकि, सफल इमरजेंसी लैंडिंग के बाद इसमें सवार तीर्थयात्रियों ने राहत महसूस की। चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू होने के बाद से लगातार केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों का पहुंचना जारी है। हर रोज औसतन 25 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। 9 हेलिकॉप्टर कंपनियां धाम तक तीर्थयात्रियों को पहुंचा रही हैं। ऐसे में इस घटना ने तीर्थयात्रियों की चिंता बढ़ा दी है।

केदारनाथ में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर क्षतिग्रस्त होने का भी मामला सामने आया है। रोटर में आई खराबी के कारण हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हेलिकॉप्टर में सवार 6 तीर्थयात्री इस खराबी के कारण काफी घबरा गए थे। इमरजेंसी लैंडिंग होने वाला हेलिकॉप्टर क्रिस्टल कंपनी का बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर सेवा की सुरक्षा को लेकर भी अब सवाल उठाए जाने लगे हैं।

**क्रिस्टल का हेलिकॉप्टर क्षतिग्रस्त**

केदारनाथ में क्रिस्टल का हेलीकॉप्टर खराब हो गया। हेलिकॉप्टर यात्रियों को लेकर केदारनाथ आ रहा था। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित हैं। तकनीकी खराबी आने के कारण पायलट ने हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

पायलट ने हेलिकॉप्टर को केदारनाथ धाम में हैलीपेड के निकट ही मिट्टी में लैंडिंग कराई। इमरजेंसी लैंडिंग से यात्रियों में हड़कंप जैसी स्थिति देखी गई। हालांकि, उन्हें जब पूरे मामले की जानकारी दी गई तो उन्होंने राहत की सांस ली।

# प्रचार के दौरान फिर उठा अग्निवीर का मुद्दा



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिलशाद गार्डन के डीडीए मैदान में कांग्रेस की रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि सत्ता में आते ही अग्निवीर स्कीम को हम फाड़कर कचरे के डिब्बे में फेंकने वाले हैं। यह स्कीम पूरी तरह से सेना के खिलाफ है। सरकार देश में दो तरह के शहीद तैयार कर रही है। एक को शहीद का दर्जा मिलने के साथ उसे और उसके परिवार को हर सुविधा मिलेगी, लेकिन अग्निवीर अगर शहीद होता है तो उसे शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। जब शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा तो उसे और उसके परिवार को बाकी कोई भी सुविधा नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस स्कीम को सेना लेकर नहीं आई, बल्कि नरेंद्र मोदी लेकर आए है। वह नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**महिलाओं के अकाउंट में आएंगे 8500 रुपये**

राहुल गांधी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी क्या करेगी, जितना पैसा इस सरकार ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा देश के गरीब लोगों को दिया जाएगा। इसके लिए कांग्रेस पार्टी महालक्ष्मी योजना लेकर आएगी। 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इसके बाद यमुनापार सहित देशभर में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की लिस्ट तैयार की जाएगी। करोड़ों लोगों के नाम आएंगे। हर परिवार की एक महिला का नाम चुना जाएगा। 4 जुलाई को करोड़ों परिवारों की महिलाओं के अकाउंट में हर महीने 8500 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। महीने दर महीने इसी तरह से रकम अकाउंट में डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 लाख खाली पड़ी पोस्टों को भरकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।

**बदलाव के लिए मतदान करना-राहुल**

उन्होंने नार्थ ईस्ट दिल्ली के मतदाताओं को इतनी गर्मी में आने के लिए धन्यवाद किया और कहा हमारी लड़ाई डॉ आंबेडकर, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरु और भारत के करोड़ों देशवासियों द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा की लड़ाई है। नॉर्थ ईस्ट संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने कहा कि इतनी गर्मी में पंडाल में पहुंचे लोगों का दिल से धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आप लोगों को बदलाव के लिए मतदान करना है।

# सास का पीट-पीट कर मर्डर, बहू की करतूत में बेटे और पोती ने भी दिया साथ

**समाचार गेट/एजेंसी**

**सीतामढ़ी।** समाज से कभी-कभी ऐसी खबरें निकल कर आती हैं, जो झकझोर देने वाली होती हैं। साथ ही ऐसी घटनाएं सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि पहले का समाज और परिवार कैसा था और अब कैसा होते जा रहा है। आज परिवार में कई तरह की विकृतियां आ गई है। यह कड़वी सच्चाई है। इस एक बानगी है सीतामढ़ी जिले में एक वृद्ध महिला की हत्या। वृद्धा की हत्या किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि उसकी बहू ने ही कर डाली। खौफनाक बात ये कि इस मर्डर में उसका साथ बुजुर्ग महिला के बेटे और पोती ने भी दिया। फिलहाल तीनों हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**बेटा, बहू और पोती ने महिला को पीट-पीट कर मार डाला**

यह घटना जिले के परिहार थाना क्षेत्र के परिहार उत्तरी पंचायत के सोनापट्टी गांव की है। जमीन बेचकर पैसे नहीं देने से नाराज एक महिला ने अपनी ही सास की हत्या कर दी। कलयुगी बहू ने पति और बेटी के साथ मिलकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। मृतका की पहचान राम श्रेष्ठ ठाकुर की 55 वर्षीया पत्नी श्यामा देवी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी भेज दिया। मामले को लेकर राम श्रेष्ठ ठाकुर ने प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें बहू शोभा देवी, पोती लकी कुमारी और पुत्र अनिल ठाकुर को नामजद आरोपी बनाया गया। पुलिस ने इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार गौतम ने घटना की पुष्टि की है।

**पैसों के लिए घरवाले ही बन गए हैवान**

जानकारी के मुताबिक बेटे और बहू रामश्रेष्ठ ठाकुर पर अक्सर जमीन बेचकर पैसे देने का दबाव बनाया करते थे। मना करने पर घर में अक्सर विवाद होता था। इससे पहले बहू ने ससुर के पर दुष्कर्म के प्रयास की प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। दोनों ओर से मारपीट के मामले भी दर्ज किए गए थे। बावजूद इसके बेटे और बहू इन पर जमीन बेचकर पैसा देने के लिए दबाव बनाए जा रहे थे। मना करने पर हत्या की धमकी दी जा रही थी। इस बीच मौका पाकर आरोपियों ने रॉड से पीट-पीट कर फिर गला दबाकर श्यामा देवी की हत्या कर दी। रामश्रेष्ठ किसी तरह से जान बचाकर वहां से भागे।

# लोकसभा चुनाव 2024 छटा चरण : बीजेपी और एनडीए के लिए खतरे की घंटी



**विश्लेषण : सर्वदमन सांगवान**

**समाचार गेट ब्यूरो**




अब छटा चरण भी अपने समापन की दिशा में है। इस चरण में 7 प्रदेशों और 1 केंद्र शासित राज्य की 57 सीटों पर मतदान पूरा हो ने को है। इसी के साथ हरियाणा दिल्ली और जम्मू काश्मीर की सभी सीटों का चुनाव सम्पन्न हो जाएगा। वर्ष 2019 के चुनावों मे बीजेपी ने हरियाणा की सभी 10 तथा दिल्ली की सभी 7 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी और उत्तर प्रदेश की 14 में 11 सीटें तथा बिहार की सभी 8 सीटें जीत कर तहलका मचा दिया था, लेकिन इस बार हालात बिल्कुल बदले हुए हैं और इंडिया गठबंधन बीजेपी को कड़ी टक्कर दे रहा है। मेरे आंकलन के मुताबिक 57 में से 45 सीटों पर इस बार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बीजेपी को पसीने बहाने पर विवश कर रहे हैं और एनडीए को इस चरण में करारा झटका लग सकता है।

**उत्तरप्रदेश ( 14 सीटें )**

**सुल्तानपुर :** पिछली मार बीजेपी की मौजूदा सांसद मेनका गांधी महज 14 हजार वोटों से जीतीं थीं। इस बार सपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद ने मेनका गांधी की नाक में दम कर रखा है और कोई हैरानी नहीं होगी यदि मेनका गांधी यहां अपना चुनाव हार जाएं।

**फूलपुर :** एसपी के अमरनाथ मौर्य ने बीजेपी के विधायक और प्रत्याशी प्रवीण पटेल के छक्के छुटा रखे हैं। मौर्य की जीत पक्की मानी जा रही है।

**मछलीशहर :** पिछली बार मात्र 181 वोट से जीते बीजेपी के बीपी सरोज इस बार बुरी तरह फंसे हुए हैं। तीन बार के सांसद तूफानी सरोज की बेटी प्रिया सरोज (26 वर्षीय) ने बीजेपी के बीपी सरोज को पानी पिला रखा है। प्रिया की जीत भी पक्की बताई जा रही है।

**आजमगढ़ :** अढ़ाई साल पहले हुए उपचुनाव में जीते दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' इस बार सपा की सोशल इंजीनियरिंग में फंस गये हैं और हार के कगार पर खड़े हैं। यहां से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव ने निरहुआ की हेकड़ी निकाल रखी है। बीएसपी के सबीहा अंसारी की हालत पतली है। मुस्लिम वोट उनकी तरफ नहीं जा रहे। पिछली बार बसपा के उम्मीदवार के रूप मे अढ़ाई लाख से अधिक वोट लेने वाले मुस्लिम उम्मीदवार गुड्डू जमाली इस बार सपा में शामिल हो गये है और धर्मेंद्र यादव के साथ मजबूती से खड़े हैं।

**प्रतापगढ़ :** बीजेपी के मौजूदा सांसद संगमलाल गुप्ता की हालत इतनी पतली है कि संभावित हार की घबराहट में दो तीन बार स्टेज पर ही फुकाड़ मार मार कर रो चुके हैं। सपा के उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल ने उनकी नाक में दम कर रखा है। लोकसत्ता पार्टी के मुखिया व दबंग विधायक राजा भैया के खुले समर्थन के बाद सपा प्रत्याशी की मजबूती और भी अधिक बढ़ गई है।

**इलाहाबाद (प्रयागराज) :** मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा की टिकट काट कर बीजेपी ने नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा हुआ है मगर इंडिया गठबंधन के कांग्रेसी उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह, जो कि दिग्गज नेता रेवती रमण सिंह के बेटे हैं, ने उनके होश फाख्ता कर रखे हैं। उज्जवल की जीत तय मानी जा रही है।

**जौनपुर :** बंबई से इंपोर्ट करके लाये गये बाहुबली कृपाशंकर सिंह बीजेपी के लिए कमजोर कड़ी साबित हो रहे हैं। सपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने उनको जौनपुर में पानी पिला दिया है। कृपाशंकर सिंह हार जायें तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

**संतकबीरनगर :** इस सीट पर निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद बीजेपी के टिकट पर किस्मत आजमा रहे हैं। सपा के लक्ष्मी पप्पू उर्फ निषाद ने उनकी सिट्टी पिट्टी गुम कर रखी है। बीएसपी के नदीम अशरफ मुकाबले से बाहर हो चुके हैं।

**अंबेडकरनगर :** बसपा से बीजेपी में आये सांसद रीतेश पांडे को सपा के लालजी वर्मा कड़ी चुनौती दे रहे हैं। हारजीत किसी भी तरफ जा सकती है।

**बस्ती :** बीजेपी के तीन बार के सांसद हरीश द्विवेदी को पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

**भदोही :** यहां पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहे कमलापति त्रिपाठी के पौत्र ललितेश त्रिपाठी ञरूष्ट के टिकट पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं जबकि बीजेपी ने विनोद बिंद को मैदान में उतारा है। यहां ब्राहमण, यादव व मुस्लिम समीकरण ने बीजेपी की नींद उड़ा रखी है। त्रिपाठी का पलड़ा भारी लग रहा है।

**श्रावस्ती :** बीएसपी के मौजूदा सांसद रामशिरोमणि वर्मा इस बार सपा के प्रत्याशी के तौर पर मैदान में हैं जबकि बीजेपी ने साकेत मिश्रा को मुकाबले में उतारा है। साकेत मिश्रा को भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

**लालगंज :** बीजेपी की नीलम सोनकर को सपा के दरोगा प्रसाद सरोज से कड़ी टक्कर मिल रही है। बसपा की प्रत्याशी इंदु चौधरी बीजेपी का खेल बिगाड़ रही हैं।

**डूमरियागंज :** यहा कांग्रेस से दलबदल करके आये जगदंबिका पाल को बीजेपी ने टिकट दिया है परंतु सपा के भीष्ण शंकर उर्फ कुशल तिवारी उनकी राह में रोड़ा बनकर खड़े हो गये हैं। बसपा के नदीम मिर्जा मुस्लिम समुदाय के बहुत कम मत काट रहे हैं, इसलिए कुशल तिवारी भारी पड़ सकते हैं।

कुल मिला कर यूपी में 14 में से 9 सीटे इंडिया गठबंधन के पाले में जा सकती हैं जबकि 5 सीटें एनडीए के खाते में जुड़ सकती हैं।

**दिल्ली ( 7 सीटें )**

**उत्तरपूर्वी दिल्ली :** कांग्रेस के कन्हैया कुमार की स्पष्ट जीत। बीजेपी के मनोज तिवारी के विरूद्ध भारी इन्कुम्बैन्सी

**चांदनीचौक :** कांग्रेस के पूर्व केंद्रीयमंत्री जयप्रकाश अग्रवाल की स्पष्ट जीत। बीजेपी के प्रवीण खंडेलवाल पिछड़ते दिख रहे हैं।

**पूर्वीदिल्ली :** आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार की जीत तय। बीजेपी के हर्ष मल्होत्रा पिछड़ते दिख रहे हैं।

**नईदिल्ली :** बीजेपी की बांसुरी स्वराज और आम आदमी पार्टी के सोमनाथ भारती में कांटे की टक्कर। हार जीत तय करना मुश्किल।

**उत्तरपश्चिम दिल्ली (सु.) :** बीजेपी के योगेंद्र चंदोलिया और कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री उदित राज के बीच कड़ी टक्कर। हार जीत किसी के भी पाले में जा सकती है।

**पश्चिमीदिल्ली :** आम आदमी पार्टी के सहीराम पहलवान की जीत पक्की। बीजेपी के रामबीर सिंह बिधूड़ी को पिछले सांसद रमेश बिधूड़ी की निष्क्रियता का नुक्सान।

**दक्षिणदिल्ली :** आम आदमी पार्टी के सहीराम पहलवान की जीत पक्की। बीजेपी के रामबीर सिंह बिधूड़ी को पिछले सांसद रमेश बिधूड़ी की निष्क्रियता का नुक्सान।

**काश्मीर ( 1 सीट )**

**अनंतनाग-राजौरी :** पीडीपी की महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद के बीच कांटे की टक्कर। हार जीत किसी की भी हो पर यह सीट इंडिया गठबंधन के खाते में जानी तय। क्योंकि दोनों पार्टियां इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। बीजेपी का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं है।

**बिहार ( 8सीटें )**

**बाल्मिकी नगर :** जेडीयू के कब्जे वाली यह सीट आरजेडी के खाते में जाएगी।

**शिवहर :** जेडीयू की लवली आनंद की जीत लगभग पक्की।

**गोपालगंज (सु.) :** यहां आरजेडी का पलड़ा भारी है। जेडीयू के सांसद डा.आलोक कुमार सुमन के खिलाफ एंटी इंकमबैंसी का माहौल है।

**सीवान :** जेडीयू की लक्ष्मी कुशवाहा को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी से कड़ी चुनौती है। गठबंधन को यह सीट मिल सकती है।

**पूर्वी चंपारण :** यहां बीजेपी का पलड़ा भारी है।

**पश्चिम चंपारण :** यहां बीजेपी का पलड़ा भारी दिख रहा है।

**महाराजगंज :** मुस्लिम बहुल इस सीट पर AIMIM के प्रत्याशी के बावजूद इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और जीत तय मानी जा रही है।

**वैशाली :** एनडीए की सहयोगी एलजेपी की वीणा देवी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर है और हार जीत किसी के भी पक्ष में जा सकती है।

**झारखंड ( 4 सीटें )**

**गिरीडीह :** इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी हावी। एनडीए के उम्मीदवार की हालत पतली।

धनबाद और रांची में एनडीए गठबंधन मजबूत जबकि जमशेदपुर में इंडिया गठबंधन की स्थिति ठीकठाक।

**ओडीसा ( 6सीटें )**

संबलपुर, क्योंझर और ढ़ेकानाल में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी का पलड़ा भारी है तो कटक और भुवनेश्वर में बीजेपी की स्थिति मजबूत है। पुरी में त्रिकोणीय मुकाबला है और परिणाम किसी के भी पक्ष में जा सकता है।

**पश्चिम बंगाल ( 8 सीटें )**

इस राज्य की आठ में से छह सीटों पर ममता बनर्जी की टीएमसी की जीत तय मानी जा रही है जो कि इंडिया गठबंधन के खाते में गिनी जाएंगी। बीजेपी के पाले मे सिर्फ दो ही सीटें जाती दिख रही है।

**हरियाणा ( 10 सीटें )**

**रोहतक :** कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा की स्पष्ट जीत (2 लाख से अधिक के अंतर से)। बीजेपी के अरविंद शर्मा की क्षेत्र में निष्क्रियता उनके रास्ते में बड़ी बाधक।

**सिरसा :** कांग्रेस की कुमारी शैलजा की स्पष्ट जीत (डेढ़ लाख के अंतर से)। बीजेपी के पूर्व सांसद अशोक तंवर का बार बार दलबदल और किसानों का बीजेपी के प्रति रोष जीत में बाधक।

**भिवानी-महेंद्रगढ़:** कांग्रेस के राव दान सिंह की स्पष्ट जीत (सवा लाख से अधिक के अंतर से)। बीजेपी के धर्मबीर जाट वोटों में भी पिछड़े। उनकी निष्क्रियता ही उनके खिलाफ।

**सोनीपत :** कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी की स्पष्ट जीत ( डेढ़ लाख से अधिक के अंतर से)। बीजेपी मोहन लाल बड़ौली अपने विधान सभा क्षेत्र राई में ही बुरी तरह पिछड़ गये हैं।

**हिसार :** बीजेपी के रणजीत चौटाला और कांग्रेस के जयप्रकाश उर्फ जेपी के बीच कड़ा मुकाबला (हार जीत का अंतर 50 हजार से कम)

**गुरूग्राम :** कांग्रेस के राज बब्बर की स्पष्ट जीत (50 हजार के अंतर से) बीजेपी के राव इंद्रजीत सिंह दस साल घर से बाहर नहीं निकले। घर में ही दरबार लगाते रहे इसलिए पिछड़ते दिख रहे हैं।

**फरीदाबाद :** कांग्रेस के महेंद्र प्रताप की स्पष्ट जीत (75 हजार के अंतर से)। बीजेपी के कृष्णपाल गुर्जर अपने अहंकार और लंबी निष्क्रियता के कारण पिछड़ते दिख रहे हैं।

**करनाल :** बीजेपी के पूर्व ष्टरू मनोहर लाल खट्टर और कांग्रेस के दिव्यांशु बुद्धिराजा के बीच कांटे का मुकाबला (हार जीत 50 हजार से नीचे रहेगी)

**कुरूक्षेत्र :** आईएनएलडी के अभय सिंह चौटाला के मैदान में होने के कारण इंडिया गठबंधन के सुशील गुप्ता (आम आदमी पार्टी) और बीजेपी के नवीन जिंदल के बीच दिलचस्प मुकाबला ( हारजीत बहुत कम अंतर से)

**अंबाला :** कांग्रेस के वरूण मुलाना की जीत लगभग पक्की (75 हजार के अंतर से)। बीजेपी की बंतो कटारिया सिर्फ मोदी के करिश्मे के भरोसे।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# शरमन जोशी को एक्टर के अलावा वकील बनने का भी शौक था



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** शरमन जोशी इंडस्ट्री के उन अदाकारों में से हैं, जो हर तरह के किरदार को करने में सक्षम हैं। थ्री इडियट्स का ये कलाकार पिछले दिनों वेब सीरीज में भी नजर आया, मगर इन दिनों वे चर्चा में हैं अपने करियर की एक नई शुरुआत को लेकर। थिएटर में काम करने वाले शरमन जल्द ही मेंटलिस्ट (एक ऐसा विज्ञान, जिसमें एक मेंटलिस्ट या मनोचिकित्सक किसी मनुष्य के भीतर चल रही समस्याओं को विज्ञान के माध्यम से समझने का प्रयास करता हैं। साथ ही उसका उपचार भी करता है) के रूप में एक नया शो लेकर आ रहे हैं। उनसे एक बातचीत।

अब तो मुझे भूमिकाओं को लेकर भी काफी क्लैरिटी आ गई है, मगर कई बार हम एक्टर्स की जिंदगी में वो दौर भी आता है, जब काम थोड़ा सुस्त होता है। कहीं आपके लिए कोई प्रोजेक्ट बन रहा होता है और समय आने पर वो काम आपको मिलता भी है। हालांकि पिछले दिनों आपने मुझे वेब सीरीज कफस में देखा होगा। कफस में मेरी भूमिका के लिए मुझे अवॉर्ड भी मिला है। जल्द ही मेरी एक फिल्म तीसवीं मंजिल ओटीटी पर दिखेगी। यह एक थ्रिलर मूवी है, इसमें अर्जुन रामपाल और बॉबी देओल भी हैं। इसमें मेरा रोल काफी रोचक है। भूपेश दवे जी मेरे गुरु और मेंटॉर हैं। उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैं इस क्षेत्र में आया। उन्हीं के साथ जुगलबंदी करके मैं इस शो को प्रस्तुत करने जा रहा हूं। आज से 6 साल पहले मैं उनका एक शो देखने गया था। वो शो देख कर मैं दंग रह गया था कि किस तरह से वे मानवीय दिमागी जटिलताओं को डील कर रहे थे। हमारे बीच इस बात की भी चर्चा हुई कि कैसे मैं इसका इस्तेमाल अपने अभिनय में कर सकता हूं। मेंटलिज्म में मेरी रुचि पहले से भी थी। कोविड के दौरान हमने तय किया कि हम एक ऐसा शो लॉन्च करेंगे, जो इंडिया का सबसे पहला मेंटलिस्ट शो हो। हमने तय किया कि हम एक शो को डिजाइन करेंगे और उसे परफॉर्म करेंगे। मैंने उनके साथ काफी वक्त बिताया, मशक्कत की। जब जाकर यह शो तैयार है थिएटर में लॉन्च के लिए। पूरे 3 -4 साल मैंने इसे डेडिकेट किए हैं। मैं ये भी साफ कर दूं कि ये जादू नहीं है। हमने पहले इसे लेट्स द माइंड गेम बिगेन टैगलाइन दिया था, मगर फिर हमने इसे लेट्स द मैजिक बिगेन नाम दिया। ये एक तरह से लोगों के दिमाग के साथ जादू करता है।

# मुंबई कोर्ट ने लैला कान के सौतेले पिता को मौत की सजा सुनाई है




समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुंबई की सेशन कोर्ट ने एक्ट्रेस और उनके परिवार की हत्या के दोषी को मौत की सजा सुनाई है। लैला के सौतेले पिता परवेज टाक को हत्या और सबूतों को खत्म करने का दोषी पाया गया था।

वकील पंकज चव्हाण ने कोर्ट से इनकी मौत की सजा की मांग की थी। और अब 13 साल बाद एक्ट्रेस को इंसाफ मिला है। दोषी परवेज टाक ने 6 लोगों को मौत के घाट उतारा था, जिसमें लैला, उनकी मां और चार भाई-बहन शामिल थे। परवेज ने सभी के शक को फार्महाउस में दफना दिया था। लंबे समय कोई खोज खबर न होने पर सगे पिता नादिर पेटल ने ओशिवारा पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में परवेज टाक और उसके साखी आसिफ शेख पर किडनैपिंग का आरोप लगाया था। वकील पंकज चव्हाण ने कोर्ट में कहा कि ये हत्या पूरी प्लानिंग के साथ की गई थी। उन्होंने बहुत ही क्रूरता के साथ इस घटना को अंजाम दिया था। एक ही परिवार के 6 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। और लाशों को ठिकाने लगाया था। ऐसे में दोषी को मौत की सजा सुनाई जानी चाहिए। वाकया साल 2011 का है, जब मुंबई के इगतपुरी के पास बने बंगले पर परवेज का लैला की मां सेलिना से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस की जांच में मालूम हुआ कि जब परवेज ने पत्नी की हत्या कर दी थी तो ये सब बच्चों ने देख लिया था। अपना गुनाह छिपाने के लिए उसने उन सभी को भी जान से मार डाला था।

# बेबी बंप पर टिकी सबकी नजर, लोग बोले- होने वाली मां का निखार तो देखो



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण इन दिनों सातवें आसमान पर हैं क्योंकि वह अपने पति रणवीर सिंह के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एक्ट्रेस ज्यादातर मीडिया की नजरों से दूर रही हैं, लेकिन जब वह 20 मई को अपना वोट डालने के लिए बाहर निकलीं, तो वह ऑनलाइन ट्रोल्स का निशाना बन गईं। हालांकि, दीपिका और रणवीर ने इन ट्रोल्स पर ध्यान नहीं दिया और अब एक बार फिर से दीपिका बाहर दिखी हैं। एक इवेंट के दौरान उन्हें अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करते देखा गया, जिसके कई सारे वीडियोज ऑनलाइन वायरल हो गए हैं। इनमें से एक को उन्होंने खुद शेयर किया है, जिसमें वह चमकीले पीले रंग की प्लीटेड ड्रेस में सुंदर लग रही हैं। उनके लुक में खूबसूरत हीरे और मोतियों से जड़ी बालियां और ग्लैम मेकअप ने चार चांद लगा दिया। दीपिका ने इवेंट से अपना एक वीडियो शेयर किया है। हालांकि, इसमें वो ब्रांड के बारे में बात कर रही हैं लेकिन लोगों का ध्यान उनके बेबी बंप पर ही था। दीपिका इस लुक में बहुत प्यारी लग रही हैं। दीपिका और रणवीर ने 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की थी। पांच साल की शादी के बाद, दोनों ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की। उन्होंने 29 फरवरी, 2024 को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें बताया गया कि वे सितंबर 2024 में अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगे।

# टॉफी दिलाने के बहाने ले जाकर 4 साल के बच्चे की हत्या



समाचार गेट/एजेंसी

**कानपुर।** यूपी के कानपुर से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। गुरुवार शाम रिंद नदी में चार साल के बच्चे का शव उतारते हुए मिला है। बच्चे का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। घरवालों का आरोप है कि गांव का एक युवक बच्चे को सुबह टॉफी दिलाने के बहाने ले गया था। उसी ने हत्या कर शव को नदी में फेंका है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र स्थित बरनाल गांव निवासी बबलू मजदूरी करते हैं। परिवार में पत्नी सन्नों और बेटे शैलेश (4) के साथ रहते हैं। बबलू सुबह मजदूरी के लिए निकल गया था। इसके बाद गांव का मुलायम यादव बच्चे को टॉफी दिलाने के बहाने ले गया था। इसके बाद बच्चे को लेकर मुलायम लापता हो गया। परिजन पूरे दिन बच्चे की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

**नदी में मिला बच्चे का शव**

परिजनों ने शाम लगभग 5 बजे पुलिस कंट्रोल को बच्चे के लापता होने की जानकारी दी। इसी दौरान ग्रामीणों ने बच्चे के शव को रिंद नदी में उतराते हुए देखा। जिसकी सूचना बब्लू को दी। बच्चे का देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची, पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवा कर सीएचसी भेजा। जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आरोपी से की जा रही पूछताछ**

डीसीपी रवींद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार ने मौके पर पहुंच कर परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। डीसीपी का कहना है कि बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। इसके साथ मुलायम नाम के शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। हमारी टीम इस घटना का जल्द ही खुलासा करेगी।

# सांपों की तस्करी मामले में एल्विश यादव ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विनर एल्विश यादव एक बार फिर से चर्चा में हैं। पहले सांपों के जहर की तस्करी और अब मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे यूट्यूबर ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उनका बयान सामने आया है, जिसमें वह अपना जुर्म कबूल करते हुए पाए गए हैं। पुलिस ने जो 1200 पन्नों की चार्जशीट फाइल की थी, उसके कुछ और पन्नों से हैरान करने वाली बात निकलकर आई है। जब नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव को मार्च, 2024 में गिरफ्तार किया था और जमानत पर रिहा किया था। तो उन्होंने एल्विश और 8 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। उसी से कुछ खुलासे हुए हैं। इसमें एल्विश ने अपनी कमाई का जरिया बताया है। कहा, मैं यूट्यूब पर वीडियो बनाकर अपलोड करता हूं, तो उससे पैसे आते हैं। इसके अलावा कहीं अगर प्रोग्राम में जाता हूं तो वहां से भी वीडियोज रिकॉर्ड करके पोस्ट करता हूं। एल्विश के मुताबिक, वह सिर्फ यूट्यूब से 35 से 40 लाख रुपये की कमाई कर लेते हैं। उसकी महीने की इनकम करीब 50 लाख रुपये है।

एल्विश ने ये भी बताया है कि उन्होंने सिस्टम भी जॉइन किया है, जिससे उन्हें 8-10 लाख रुपये मिल जाते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बात को भी कबूला है कि अलग-अलग तरह के सापों के साथ वीडियोज शूट किए हैं। लेकिन उनके जहर की तस्करी नहीं की। एल्विश ने कहा कि उन पर लगे आरोप झूठे हैं। उन्होंने सिर्फ सापों का इस्तेमाल शूट के लिए किया था।

# मिड डे मील कर्मी महिलाएं पोलिंग पार्टियों के लिए बनाएंगी खाना

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** मिड डे मील कर्मियो को हरियाणा सरकार ने लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टी का खाना बनाने के आदेश जारी किए है।

एस यू सी आई कम्युनिस्ट के हरियाणा राज्य सचिव कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने सरकार द्वारा प्रदेश की मिड डे मील कर्मियो से फ्री में खाना बनाने को गैरकानूनी एवम नाजायज करार दिया है।

**एसयूसीआइ कम्युनिस्ट ने फ्री में खाना बनाने पर जताया विरोध।**

**2 हजार रुपये प्रत्येक मिड डे मील वर्कर को देने की कही बात।**

उन्होंने कहा मिड डे मील कर्मियो से बेगार लेना एकदम अनुचित है। एस यू सी आई कम्युनिस्ट मांग करती है कि खाना बनाने वाली मिड डे मील कर्मियो को प्रत्येक को 2 हजार रूपया निश्चित मानदेय के अलावा मेहनताना दे।

कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने इस आशय का एक पत्र चुनाव आयोग को भी लिखकर मांग की है कि इस दिशा में उचित कदम उठाए।





